卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 48 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦24 नवम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## हादसे में दो युवकों की मौत

### देहरादून-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन से भिड़ी बाईक



देहरादून (उद संवाददाता)। रायवाला क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवकों की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। दोनों युवकों के शवों को ऋषिकेश एम्स भिजवाया गया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को डोईवाला के निवासी दलविंदर सिंह और विशाल दोनों छिद्दरवाला में आयोजित एक शादी समारोह में गए हुए थे। शादी में शामिल होने के बाद दोनों युवक बाइक से अपने घर डोईवाला की ओर जा रहे थे। देर रात करीब 11 बजे दून-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर तीन पानी पुलिया के पास उनकी बाइक एक अज्ञात वाहन से टकरा गई। इस हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सड़क पर चलते लोगों ने इस हादसे की जानकारी पुलिस को दी। हादसे की सूचना मिलते ही थाना रायवाला पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तब तक दोनों युवकों की मौत हो चुकी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों के शवों को हिरासत में लिया और पोस्टमार्टम के लिए एम्स ऋषिकेश में भिजवाया। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र चौहान ने बताया कि उन्हें किसी व्यक्ति से बाइक सवार दो युवकों के सड़क पर पड़े होने की सूचना मिली थी। टीम के मौके पर पहुंचने से पहले ही दोनों युवकों की मौत हो चुकी थी। इस हादसे के बारे में (शेष पृष्ठ सात पर)

## विवाह समारोह में फायरिंग के दौरान मासूम की मौत

### शादी की खुशियां मातम में बदली

रुड़की(उद संवाददाता)। विवाह समारोह में की गयी हर्ष फायरिंग के दौरान गोली नौ वर्ष के बच्चे को जा लगी। जिससे मौके पर ही बच्चे की मौत हो गई। जिसके बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। जानकारी के अनुसार, खानपुर थाना क्षेत्र के लालचंदवाला गांव में मुस्लिम समाज के एक परिवार में शनिवार रात विवाह समारोह चल रहा था। विवाह समारोह में देर रात किसी ने हर्ष फायरिंग कर दी। एक गोली नौ वर्ष के रियान पुत्र वसीम को लग गई। तुरंत ही उसे एक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची खानपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पीएम के लिए रुड़की अस्पताल भेज दिया है। खानपुर थाना कार्य प्रभारी उपेंद्र सिंह ने बताया कि बच्चे के शरीर पर गोली लगने का निशान मिला है। प्रथमदृष्टया बच्चे की मौत गोली लगने से हुई है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं बच्चे की मौत से विवाह की खुशियां मातम में बदल गई।

## घर के बाहर शराब पार्टी का विरोध करने पर गृह स्वामी को लोहे की रॉड से पीटा

सितारगंज(उद संवाददाता)। नहर पार वार्ड में घर के बाहर नशे की हालत में उत्पात मचा रहे, पांच आरोपियों ने मकान स्वामी को पीट दिया। मामलें में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। नगर के वार्ड नंबर छह निवासी इंद्रजीत सिंह पुत्र हरदीप सिंह ने बताया कि 21 नवंबर को वह घर पर था। रात को बाहर से खूब शोर मचाने की आवाज आ रही थी। बाहर जाकर देखा तो घर के गेट के सामने सड़क पर वाहन एक वाहन खड़ा था। पांचो आरोपी शराब पी रहे थे और खूब शोर मचा रहें थे। इंद्रजीत ने बताया कि जब उन्हें घर के सामने शराब पीने से मना किया तो वह लोग गाली-गलौज करने लगे। बात बढ़ी तो शराबियों ने उसे घर में घुसकर पीटने की धमकी दी। वहीं, इस बात का विरोध करने पर शराबियों ने कार में से लोहे की रोड निकालकर इंद्रजीत के सिर में मार दिया। हमले में उसे गंभीर चोट आई और वह घायल होकर सड़क पर गिर गया और सभी लोग उसे लात घुसे से मारने लगें। राहगीरों ने बीच बचाव कराया। इसके बाद सभी लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। इंद्रजीत ने बताया कि एसएसपी से भी मामले की शिकायत की है। मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। पुलिस मामलें की जांच कर रही है।

## घर में अवैध रूप से चल रहा था बार और डांस क्लब

### 40 युवक और 17 युवतियां हिरासत में, भवन स्वामिनी समेत पांच लोगों पर केस दर्ज

देहरादून(उद संवाददाता)। पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने कैंट क्षेत्र



के गजियावाला डांडा गांव स्थित एक रिहायशी इलाके में स्थित घर में अवैध रूप से चल रहे बार और डांस क्लब में छापा मारकर 40 युवकों और 17 युवतियों को हिरासत में ले लिया। मौके से भारी मात्रा में शराब बरामद की गयी। अवैध रूप से बार चलाने के आरोप में पुलिस ने एक महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार देहरादून के एसएसपी अजय सिंह को गुप्त सूचना मिली कि कैंट थाना क्षेत्र के गाजियावाला इलाके में एक आवासीय भवन में बड़ी शराब पार्टी की तैयारी की जा रही है। इस पार्टी के लिए युवाओं से संपर्क एक व्हाट्सअप ग्रुप बना कर किया जा रहा है। इस जानकारी को पुख्ता कराने के बाद अधिकारियों की एक टीम का गठन (शेष पृष्ठ सात पर)

## रात को चेकिंग पर निकली डीएम वंदना सिंह

### शहर में चल रहे निर्माण कार्यों का लिया जायजा,लोगों की समस्याएं भी सुनी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी ने शनिवार देर रात हल्द्वानी नगर में चल रहे सीवर, पेयजल और ड्रेनेज के कार्यों का पैदल भ्रमण कर जायजा लिया उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनी और अधिकारियों को मौके पर ही दिशा निर्देश दिये। डीएम ने निरीक्षण के दौरान टैंपो को रोककर उन्हें भी चेक किया । शनिवार देर सायं जिलाधिकारी वंदना सिंह ने हल्द्वानी के वार्ड संख्या 48 के विभिन्न क्षेत्र,दो नहरिया,फेंड्स कालोनी, मल्ली बमौरी के त्रिलोक नगर फेस 1 तथा फेस 2, नीलकंठ कालोनी का स्थलीय निरीक्षण किया। क्षेत्र में एडीबी परियोजना अंतर्गत उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेसी यूयूएसडीए द्वारा किए जा रहे पेयजल आपूर्ति एवं सीवरेज कार्य का निरीक्षण कर कार्य की जानकारी ली। इस दौरान किए गए कार्य से क्षतिग्रस्त सड़क तथा उसे अस्थाई रूप से की गई बहाली व सुधारीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्र में किए जा रहे निर्माण कार्यों से हो रही विभिन्न समस्याओं आदि के बारे में भी जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों से जानकारी ली। त्रिलोक नगर क्षेत्र में पेयजल की समस्या से लोगों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। इस संबंध में जिलाधिकारी ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को शीघ्र क्षेत्र की पेयजल की समस्या के समाधान के निर्देश दिये। कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान अगर किसी की भी पेयजल लाईन (शेष पृष्ठ सात पर)



## रेस्टोरेंट में शराब परोसने पर व्यापारी गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रेस्टोरेंट में बार की तरह शराब परोसने पर पुलिस ने रेस्टोरेंट स्वामी को गिरफ्तार कर लिया। मौके से शराब की बोतलें और अन्य सामान बरामद किया गया। जानकारी के मुताबिक सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से शराब परोसे जाने के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत शनिवार रात पुलिस ने नैनीताल रोड संगम पैलेस के पास स्थित काका कबाब एण्ड चिकन रेस्टोरेंट पर छापा मारा तो वहां हड़कम्प मच गया। मौके पर शराब पी रहे कई ग्राहक पुलिस को देखकर फरार हो गये। पुलिस के मुताबिक मौके पर ग्राहकों को अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही थी। इसका लाईसेंस मांगने पर रेस्टोरेंट स्वामी लाईसेंस नहीं दिखा पाया। मौके से ब्लेंडर प्राईड की दो बोतलों के अलावा आधी बोतल रम, गिलासों में रखी हुई शराब, सोडा आदि सामान बरामद(शेष पृष्ठ सात पर)

सभी सम्मानित नागरिकों, बुजुर्गों, भाईयों व बहनों आपके प्रिय अनिल कुमार 'बंटी कोली' का निधन दिनांक 11 नवम्बर को हो गया था, उनकी आत्मिक शांति हेतु दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वाधान में सर्वश्री आशुतोष महाराज की शिष्याओं के द्वारा भजनों के माध्यम से कल दिनांक 25 नवम्बर दिन सोमवार को दोपहर 2 बजे से सायं 4 बजे तक प्रार्थना सभा/श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शिव मंदिर चौरासी घण्टा, रम्पुरा, रूद्रपुर में किया जा रहा है। आप सभी की उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।



स्व. अनिल कुमार (बन्टी कोली)
भजन व श्रद्धांजलि सभा
स्थान : शिव मन्दिर चौरासी घण्टा, रम्पुरा, रूद्रपुर
दिनांक : 25 नवम्बर, दिन सोमवार, समय 2 बजे से 4 बजे तक
शोकाकुल : समस्त रम्पुरा वासी, कोली व दुकराल परिवार

## डंडा मारकर पड़ोसी का सिर फोड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। घर के आगे गाली गलौच और शोर शराबा करने का विरोध करने पर पड़ोसी ने एक युवक का सिर फोड़ दिया। युवक को उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया। मामले की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूल रूप से ग्राम बग्घा झनकईया खटीमा निवासी संजय पुत्र हरेन्द्र यहां शिवनगर वार्ड नं. 2 में किराये के मकान में रहता है। उसने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार शाम वह अपने कमरे में सो रहा था करीब 5:30 बजे पडोस में रहने वाला किरायेदार (शेष पृष्ठ सात पर)

## प्रेम विवाह के बाद पति को मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए किया मजबूर

### गाय का मीट खाने का भी बनाया दबाव, मना करने पर पत्नी घर छोड़कर फरार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दूसरे समुदाय की युवती से प्रेम विवाह करने वाले एक युवक को पत्नी ने शादी के दस साल बाद मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए मजबूर कर दिया। इतना रही नहीं युवक पर गाय का मांस खाने का दबाव भी बनाया गया, मना करने पर पत्नी बेटे को लेकर घर से फरार हो गयी। पीड़ित का आरोप है कि पत्नी अपने समुदाय के लोगों के साथ मिलकर अब उसे धमका रही है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूल रूप से ग्राम अमराहावा पुर छिट्टन थाना महाराजगंज तराई, जिला बलरामपुर उत्तर प्रदेश निवासी अमित सिंह पुत्र मिथलेश सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि लगभग 10 वर्ष पूर्व उसने मुस्लिम लड़की सदरून निशा पुत्री मजीद निवासी-ग्राम उरावा, थाना गोला, जिला गोरखपुर, उत्तर प्रदेश से प्रेम विवाह किया था। प्रेम विवाह से लड़की के परिजन नाराज थे, जिस कारण उसे जान माल का खतरा उत्पन्न हो गया। बचने के लिए वह लुधियाना, पंजाब अपनी पत्नी के साथ चला गया। लगभग 4 वर्ष पूर्व वह रोजगार के लिए रूद्रपुर आ गया। इसी अवधि में उसकी पत्नी ने पुत्र को जन्म दिया जिसकी उम्र करीब साढ़े आठ वर्ष है। आरोप है कि रूद्रपुर आने के कुछ समय बाद पत्नी ने मुस्लिम समाज के कुछ लोगों के साथ सम्पर्क बना लिया। अमित के मुताबिक प्रीत विहार(शेष पृष्ठ सात पर)

# त्रिभुवन की सेंधमारी से त्रिकोणीय हुआ खेल,आशा ने मारी बाजी

## 13 राउंड में चली मतगणना: आशा नौटियाल को 23814 , मनोज रावत को 18192 , त्रिभुवन चौहान को 9311, आशुतोष को 1314, आपी सिंह को 493, प्रदीप रोशन को 483 वोट मिले , 834 ने दबाया नोटा





देहरादून/ रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। केदारनाथ विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा और कांग्रेस सहित निर्दलीय उम्मीदवारों के बीच मुकाबला बेहद रोचक रहा है। मतगणना के आकड़ों में निर्दलीय त्रिभूवन की सेंधमारी से केदारनाथ सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय हो गया जबकि भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल को बड़ी जीत हासिल हुई है। माना जा रहा है कि भाजपा और कांग्रेस के वोटबैंक पर निर्दलीय प्रत्याशी की सेंधमारी मे एंटीइनकमबैक्सी वोटरों को साधने वाली कांग्रेस को नुकसान हुआ है। ऐसे में उपचुनाव के परिणाम उलट भी हो सकते थे। केदारनाथ विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 13 राउंड में चली मतगणना प्रक्रिया के बाद भाजपा प्रत्याशी श्रीमती आशा नौटियाल को कुल 23814 मत प्राप्त हुए जिसमें ईवीएम के माध्यम से 23130 तथा 684 डाक मतपत्र प्राप्त हुए जबकि कांग्रेस प्रत्याशी श्री मनोज रावत को कुल 18192 मत प्राप्त हुए जिसमें ईवीएम से 18031 तथा 161 डाक मतपत्र से प्राप्त हुए। इस तरह भाजपा प्रत्याशी श्रीमती आशा नौटियाल ने कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत को 5622 मतों के अंतर से पराजित किया। इसके अलावा निर्दलीय प्रत्याशी श्री त्रिभुवन सिंह चौहान 9311 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे जबकि उत्तराखंड क्रांति दल के प्रत्याशी श्री आशुतोष भंडारी 1314 मतों के साथ चौथे, निर्दलीय प्रत्याशी श्री आरपी सिंह 493 पांचवें तथा पीपीआई (डी) के श्री प्रदीप रोशन 483 मतों के साथ छठे स्थान पर रहे। अंतिम दो स्थान पर रहे प्रत्याशियों से अधिक कुल 834 मत नोटा के पक्ष में रहे। पोस्टल बैलेट के 262 निरस्त मत निरस्त किए गए। कुल ईवीएम के माध्यम से 53513 मत प्राप्त हुए। डाक मतपत्र 1190 तथा विधान सभा उप निर्वाचन 54700 मत प्राप्त हुए। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सौरभ गहरवार ने मतगणना सहित पूरी निर्वाचन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी मतगणना ऑब्जर्वर, मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायकों, कार्मिकों, अधिकारी- कर्मचारियों एवं सुरक्षा बलों सहित सभी नोडल अधिकारियों, सहायक नोडल अधिकारियों एवं निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित करने में लगे सभी कार्मिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही उन्होंने मीडिया बंधुओं का भी आभार व्यक्त किया। रिटर्निंग अधिकारी अनिल कुमार शुक्ला ने भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल को विजय प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया। ऊखीमठ विकासखंड के दिलमी गांव निवासी आशा नौटियाल एक सामान्य परिवार से संबंध रखती हैं। उनके पति रमेश नौटियाल पत्रकारिता से जुड़े रहे हैं। वह वर्ष 1996 में पहली बार ऊखीमठ वार्ड से निर्विरोध जिला पंचायत सदस्य चुनी गईं। इसके बाद वर्ष 1997-98 में उन्हें भाजपा ने जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी और वर्ष 1999 में उन्हें महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष चुना गया। वर्ष 2007 में भी भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी बनाया और उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर सिंह नेगी को पराजित कर विजयश्री हासिल की। वर्ष 2012 में लगातार तीसरी बार वह भाजपा की प्रत्याशी घोषित हुई। वर्ष 2022 में पार्टी ने पुन: शैलारानी रावत को प्रत्याशी बनाया और वह जीत गईं। वहीं, आशा नौटियाल को महिला मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बना दिया, जिसके बाद वह सीधे हाईकमान के संपर्क में आ गईं। इस बार सदस्यता अभियान में भी वह गांव-गांव संपर्क करती दिखीं।

| पहले राउंड की मतगणना | दूसरे राउंड की मतगणना | तीसरे राउंड की मतगणना | चौथे राउंड की मतगणना | पांचवें राउंड की मतगणना | छठवें राउंड की मतगणना |
|---|---|---|---|---|---|
| भाजपा- आशा नौटियाल- 1398 | भाजपा- आशा नौटियाल- 1888 | भाजपा- आशा नौटियाल- 1535 | भाजपा- आशा नौटियाल- 1944 | भाजपा- आशा नौटियाल- 1790 | भाजपा- आशा नौटियाल- 1598 |
| कांग्रेस- मनोज रावत-915 | कांग्रेस- मनोज रावत-1366 | कांग्रेस- मनोज रावत-950 | कांग्रेस- मनोज रावत-1145 | कांग्रेस- मनोज रावत-1652 | कांग्रेस- मनोज रावत-1264 |
| यूकेडी- आशुतोष भंडारी-66 | यूकेडी- आशुतोष भंडारी-55 | यूकेडी- आशुतोष भंडारी-35 | यूकेडी- आशुतोष भंडारी-63 | यूकेडी- आशुतोष भंडारी-85 | यूकेडी- आशुतोष भंडारी-75 |
| निर्दलीय- त्रिभुवन चौहान-1185 | निर्दलीय- त्रिभुवन चौहान-852 | निर्दलीय- त्रिभुवन चौहान-755 | निर्दलीय- त्रिभुवन चौहान-2120 | निर्दलीय- त्रिभुवन चौहान-1577 | निर्दलीय- त्रिभुवन चौहान-700 |
| निर्दलीय- कैप्टन आरपी सिंह-32 | निर्दलीय- कैप्टन आरपी सिंह-37 | निर्दलीय- कैप्टन आरपी सिंह-30 | निर्दलीय- कैप्टन आरपी सिंह-62 | निर्दलीय- कैप्टन आरपी सिंह-51 | निर्दलीय- कैप्टन आरपी सिंह-41 |
| पीपीआई - प्रदीप रूडिया-25 | पीपीआई - प्रदीप रूडिया-41 | पीपीआई - प्रदीप रूडिया-26 | पीपीआई - प्रदीप रूडिया-53 | पीपीआई - प्रदीप रूडिया-45 | पीपीआई - प्रदीप रूडिया-22 |

| सातवें राउंड की मतगणना | आठवे राउंड की मतगणना | नौवे राउंड की मतगणना | दसवे राउंड की मतगणना | ग्यरहवें राउंड की मतगणना | बारहवें राउंड की मतगणना |
|---|---|---|---|---|---|
| भाजपा- आशा नौटियाल- 1916 | भाजपा- आशा नौटियाल- 13696 | भाजपा- आशा नौटियाल- 15833 | भाजपा- आशा नौटियाल- 1944 | भाजपा- आशा नौटियाल- 20078 | भाजपा- आशा नौटियाल- 22331 |
| कांग्रेस- मनोज रावत-2309 | कांग्रेस- मनोज रावत-10633 | कांग्रेस- मनोज रावत-12566 | कांग्रेस- मनोज रावत-1145 | कांग्रेस- मनोज रावत-15903 | कांग्रेस- मनोज रावत-17440 |
| यूकेडी- आशुतोष भंडारी-71 | यूकेडी- आशुतोष भंडारी-513 | यूकेडी- आशुतोष भंडारी-1071 | यूकेडी- आशुतोष भंडारी-1230 | यूकेडी- आशुतोष भंडारी-85 | यूकेडी- आशुतोष भंडारी-1284 |
| निर्दलीय- त्रिभुवन चौहान-346 | निर्दलीय- त्रिभुवन चौहान-7935 | निर्दलीय- त्रिभुवन चौहान-8471 | निर्दलीय- त्रिभुवन चौहान-2120 | निर्दलीय- त्रिभुवन चौहान-1577 | निर्दलीय- त्रिभुवन चौहान-9241 |
| निर्दलीय- कैप्टन आरपी सिंह-45 | निर्दलीय- कैप्टन आरपी सिंह-318 | निर्दलीय- कैप्टन आरपी सिंह-376 | निर्दलीय- कैप्टन आरपी सिंह-448 | निर्दलीय- कैप्टन आरपी सिंह-51 | निर्दलीय- कैप्टन आरपी सिंह-481 |
| पीपीआई - प्रदीप रूडिया-32 | पीपीआई - प्रदीप रूडिया-273 | पीपीआई - प्रदीप रूडिया-333 | पीपीआई - प्रदीप रूडिया-451 | पीपीआई - प्रदीप रूडिया-45 | पीपीआई - प्रदीप रूडिया-471 |

# बीजेपी ने पैसा, शराब, पुलिस जिहाद के बल पर जीता चुनाव : हरदा

## पूर्व सीएम ने केदारनाथ उपचुनाव और महाराष्ट्र चुनाव नतीजों पर साधा निशाना, प्रियंका को दी बधाई



देहरादून/अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के मनोज रावत की हार उत्तराखंड के सरोकारों की हार है। बीजेपी ने पैसा, शराब, पुलिस जिहाद के बल पर चुनाव जीता। बीजेपी की देश बाटने और प्रदेश को हाशिये में डालने वाली नीति के विरुद्ध अलगे एक वर्ष तक उत्तराखंड के गांव-गांव तक पद यात्रा निकलेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने पत्रकार वार्ता में कहा कि केदारनाथ उपचुनाव हार की पार्टी समीक्षा करेगी। कांग्रेस ने यह चुनाव संगठित होकर लड़ा था। इस बार पार्टी ने मजबूत प्रत्याशी को चुनावी मैदान में उतारा था। किसी प्रकार की कोई गुटबाजी नहीं थी। बीजेपी ने चुनाव जीतने के लिए धनबल का प्रयोग किया जो दुर्भाग्यपूर्ण है। पूर्व सीएम ने कहा कि कांग्रेस को अपेक्षा के अनुरूप जनादेश नहीं मिला लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत को भरपूर समर्थन मिला है और वह जनता के प्यार व सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हैं। पूर्व सीएम रावत ने महाराष्ट्र के चुनाव नतीजे पर कहा कि यह लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। बटोगे तो कटोगे का जिस तरह से विस्फोटक नारा दिया। उससे तय हो गया कि बीजेपी का संवैधानिक संस्थाओं पर विश्वास नहीं रहा। उन्होंने गांधी, नेहरू, अंबेडकर के विचारों पर विश्वास रखने और नकारने वाले दोनों को धन्यवाद कहा। वहीं पूर्व सीएम हरीश रावत ने वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका वाड़ा गांधी की शानदार जीत पर उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पिय्रंका गांधी की जीत नेलड़की हूं लड़ सकती हूं के नारे को चरितार्थ कर दिया है। हरीश रावत ने उत्तराखंड में बढ़ते नशे के मकड़जाल पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बीजेपी सरकार नशे को रोकने के लिए कुछ कार्य नहीं कर रही है। युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। पलायन, गैरसैण जैसे मुद्दों पर भी सरकार को विफल बताया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, गोविंद कुंजवाल, प्रकाश चंद्र जोशी, तारा चंद्र जोशी, राधा बिष्ट, शोभा जोशी, मनोज सनवाल आदि मौजूद थे। वहीं केदारनाथ उपचुनाव के परिणाम आने के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत सहित प्रदेश कांग्रेस के सभी शीर्ष नेताओं ने केदारनाथ उपचुनाव में अपना सर्वोत्तम प्रयास करते हुए बेहतर चुनाव लड़ा। जनादेश का सम्मान करते हुए प्रदेश कांग्रेस उपचुनाव में अपनी हार स्वीकार करती है। हमारे प्रयासों के अनुरूप परिणाम प्राप्त नहीं हुए। केदारनाथ विधानसभा में त्रिकोणीय मुकाबले के कारण आंकड़े हमारे पक्ष में नहीं आए। केदारनाथ के चुनाव में विजयी प्रत्याशी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। साथ ही कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का तहेदिल से आभार, जिन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत के प्रचार में दिन-रात मेहनत की। हम अपनी हार से निराश नहीं हैं, हार के कारणों की समीक्षा करते हुए कांग्रेस पार्टी केदारनाथ के विकास और क्षेत्र की जनता की आवाज को सड़क से लेकर सदन तक मजबूती से उठाती रहेगी।

# साइबर ठगों ने निवेश का झांसा देकर महिला से 1.79 करोड़ ठगे

## महिला ने घर बैठे रुपये कमाने के लालच में गवाएं 21 लाख रुपये

देहरादून। शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर साइबर ठगों ने देहरादून की एक महिला से एक करोड़ 79 लाख रुपये की ठगी कर दी। ठगों ने जब महिला को ग्रुप से हटाया तब तक उन्हें ठगी का एहसास हुआ। इस मामले में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। रायपुर निवासी पूजा ने बताया कि वह शेयर बाजार में निवेश करती। दो महीने पहले वाट्सएप के माध्यम से एक मार्गन स्टेनली नामक एक निवेशक ग्रुप के संपर्क में आई। कंपनी जोकि ट्रेडिंग का ही काम करती है जिस कारण उन्हें कंपनी पर भरोसा हो गया।पीड़ित ने बताया कि ग्रुप में उन्हें निवेश संबंधी सलाह दी जाती थी। इस वाट्सएप ग्रुप में तीन लोग सलाहकार बनें। पहले उनसे दो लाख रुपये निवेश किए, लेकिन बाजार में मुनाफे को देखते हुए उन्होंने 16 लाख रुपये निवेश कर दिए। नवंबर को उन्हें बताया गया कि उनके नाम से दो इनिशियल पब्लिक आफरिंग (आइपीओ) निकले हैं जिसके लिए एक करोड़ 61 लाख रुपये जमा करवाने होंगे। धनराशि जमा न करने की सूरत में खाते पर रोक लग जाएगी। घबराहट में उन्होंने खाते में उक्त राशि बढ़ा दी, इसके लिए उन्होंने करीबी रिश्तेदारों से कर्ज लिया। धनराशि जमा होते ही उनके खाते में लेनदेन बंद हो गया और बाद में खाता ही बंद कर दिया गया। वहीं साइबर ठगों ने एक महिला को घर बैठे रुपये कमाने का लालच देकर उनसे 21 लाख रुपये ठग लिए। विकासनगर निवासी संजोली ने बताया कि पांच नवंबर को उनके वाट्सएप नंबर पर एक मैसेज आया और गूगल रेटिंग व रिव्यूज के नाम पर उन्हे एक ग्रुप में जोड़ा गया। ग्रुप में तीन एडमिन थे। पांच नवंबर को उन्हें टेलीग्राम ग्रुप में ऐड किया था। पहली पैमेंट 2000 रुपये लगाने पर उन्हें 2700 रुपये वापस आए। छह नवंबर को 9000 रुपये जमा करवाए, इसके बाद उन्हें मुनाफे की धनराशि दिख रही थी, लेकिन वह निकाल नहीं पाई। धीरे-धीरे करके ठगों ने उनसे 21 लाख रुपये जमा करवा दिए और ग्रुप से हटा दिया। इस मामले में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# फिल्म बाजार में कई हस्तियों ने ली नई फिल्म नीति की जानकारी



देहरादून(उद संवाददाता)। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के फिल्म बाजार में उत्तराखण्ड पवेलियन आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। उत्तराखण्ड पवेलियन में कई जाने माने फिल्म निर्माता, निर्देशक, लेखक, अभिनेता आदि विभिन्न विधाओं से जुड़े लोगों ने आकर नई फिल्म नीति की जानकारी ली। उत्तराखण्ड पवेलियन में जाने माने अभिनेता हेमंत पांडेय ने मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा फिल्म जगत के लिए बेहतरीन फिल्म नीति लागू की गई है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड पवेलियन पूरे फिल्म बाजार में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। सुप्रसिद्ध कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा, इम्पा (इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर एसोसियेशन) के अध्यक्ष अभय सिन्हा, इम्पा के सुषमा शिरोमणी, निशांत उज्ज्वल, विनोद कुमार गुप्ता द्वारा भी उत्तराखण्ड पवेलियन पर आकर फिल्म नीति की सराहना की। सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता निमाई बाली, फिल्म प्रोड्यूसर श्रवण मोहत्रर, राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त सुप्रसिद्ध सिनेमेटोग्राफर सुभाई नल्लामुथु, सागर वर्ल्ड मल्टीमीडिया प्रा. लि. के निदेशक शिव सागर (रामानंद सगर के बेटे), अभिनेत्री एवं प्रोड्यूसर आरुषि निशंक, मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की एडीशनल मैनेजिंग डायरेक्टर विदिशा मुखर्जी, महाराष्ट्र फिल्म स्टेज एन्ड कल्चर डेवलपमेंट लि. के जॉइंट मेनेजिंग डायरेक्टर डॉ. धनंजय सावलकर आदि ने भी उत्तराखण्ड पवेलियन में आकर फिल्म नीति पर चर्चा की।

# 23 दिसंबर को होगा हल्द्वानी में विशाल प्रदर्शन

## गरीबों-किसानों को उजाड़ने के खिलाफ किसान पंचायत में बनाई रणनीति

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बागजाला गौलापार के ग्रामीणों को वन विभाग के नोटिस दिए जाने और विकास कार्यों पर रोक लगाए जाने के विरुद्ध अखिल भारतीय किसान महासभा द्वारा किसान पंचायत का आयोजन किया गया। किसान पंचायत में सैकड़ों ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा को व्यक्त किया और घोषणा की कि यदि वन विभाग के नोटिस वापस नहीं लिए गए और विकास कार्यों पर लगी रोक नहीं हटाई गई तो 23 दिसंबर को हल्द्वानी में विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। किसान पंचायत को संबोधित करते हुए किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी ने कहा कि, बागजाला के नजदीक स्टेडियम बन जाने और चिड़ियाघर, बस अड्डा, हाईकोर्ट आने की चर्चा के बाद ऐसा लगता है कि इस बेशकीमती जमीन को भाजपा सरकार गरीब किसानों से छीनकर पूंजीपति बिल्डरों को देना चाहती है। शायद इसी कारण भाजपा के जनप्रतिनिधि विधायक सांसद वन विभाग के नोटिस आने के बावजूद खामोश हैं। इसलिए अब जनता की एकता बनाते हुए अपनी भूमि को बचाने के लिए सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरना ही एकमात्र रास्ता है। किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी ने कहा कि, भाजपा की प्रदेश सरकार ने गरीब जनता का जीना दूभर कर दिया है। बागजाला में गरीब लोगों द्वारा पूरी जिंदगी की कमाई से बनाए मकान के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं। पहले भाजपा सरकार ने यहां के लोगों को ग्राम पंचायत के अधिकार से बेदखल कर दिया और उसके बाद लगातार वन विभाग के माध्यम से नोटिस थमाए जा रहे हैं। अपनी जिंदगी भर की मेहनत की पूंजी लगाकर बनाए गए घरों पर संकट छा गया है। परंतु भाजपा सरकार के सांसद, विधायक व अन्य नेताओं ने खामोशी ओढ़ रखी है, यह शर्मनाक है। भाकपा माले जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय ने कहा कि,



बीजेपी का काम ये हो गया है कि जनता के बीच में फूट डालकर, उनको विभाजित कर उनको अपनी जमीनों से बेदखल कर भूमि को बड़े पूंजीपतियों को सौंप दिया जाय। यही बागजाला गौलापार में किया जा रहा है इसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि लालकुआं विधायक विधानसभा में बागजाला की जमीन के मालिकाना अधिकार का प्रस्ताव पारित करा कर वन विभाग की अनापत्ति प्राप्त कर मालिकाने की प्रक्रिया शुरू करें। अन्यथा भाजपा सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज किया जाएगा। ग्रामीण पंकज चौहान ने कहा कि, पहले बागजाला में किसी भी नए मकान बनने पर रोक लगा दी गयी, हर घर नल योजना रोक दी गई, वन विभाग द्वारा सरकारी सीसी रोड रोक दी गई। वन विभाग की जनविरोधी कार्यवाहियों से हजारों की संख्या वाले बागजालावासी दहशत में है। अखिल भारतीय किसान महासभा के द्वारा अपने हक अधिकार की लड़ाई को आगे बढ़ाने की रणनीति तय करते हुए 23 दिसंबर को विशाल प्रदर्शन की चेतावनी दी गई। सर्वसम्मति से तय किया गया कि गांव में किसान महासभा की व्यापक सदस्यता अभियान चलाते हुए किसान कमेटी का गठन किया जाएगा और 23 दिसंबर को हल्द्वानी में विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। सभा की अध्यक्षता आनंद सिंह नेगी, संचालन पंकज चौहान और ललित मटियाली ने संयुक्त रूप से किया। किसान पंचायत में वरिष्ठ किसान नेता बहादुर सिंह जंगी, विमला रौथाण, नैन सिंह कोरंगा, जी एस बगडवाल, डा कैलाश पाण्डेय, धीरज कुमार, इंदर पाल आर्य, पंकज चौहान, हरीश भंडारी, हरीश चंद्र, नफीस, कुशी राम, कुंवर राम, पूर्व प्रधान वेद प्रकाश, उर्मिला रेसवाल, दीपा जोशी, माया देवी, दीपा आर्य, गोविन्द, ललित जनौटी, चन्दन सिंह, ममता भट्ट, कमला, रेखा, जीवंती, चंद्रा पंवार, तारा चावला, दुर्गा देवी, सरस्वती देवी, दया देवी, रेशमा, सीबा, भागीरथी, पूरण, रमेश, नीरज रियासत, प्रताप राम, पंकज सुयाल, लाला राम, राधा बल्लभ, विशाल, करबीर राम, नारायण राम, नवनीत कौर, भावना, इंद्र सिंह चिलवाल, सुषमा आर्य, निर्मला गोस्वामी, राजू, योगेश, कुमकुम आर्य रमेश थूवाल, दीपू चंद, साहिल, डूंगर देव आदि सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

# सिक्स सिग्मा में तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस रुद्रपुर में तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें फार्मेसी, डिप्लोमा इंजीनियरिंग, नर्सिंग और मैनेजमेंट की कुल 4 टीम ने भाग लिया । इस टूर्नामेंट का फर्स्ट लीग मैच फार्मेसी और इंजीनियरिंग के बीच 14 नवंबर 2024 को कराया गया, जिसमें सफल टीम फार्मेसी की रही और दूसरा लीग मैच 18 नवंबर 2024 को मैनेजमेंट और नर्सिंग के बीच कराया गया। जिसमें सफल टीम मैनेजमेंट की रही, तत्पश्चात फाइनल मैच का आयोजन फार्मेसी और



मैनेजमेंट के बीच में 22 नवंबर को कराया गया जिसमें सफल टीम मैनेजमेंट की रही ।इसमें फार्मेसी ने पहले बैटिंग करते हुए आठ ओवर में 9 विकेट खोकर 81 रन बनाएं । जिसे मैनेजमेंट की टीम ने 7 ओवर में ही पांच विकेट के नुकसान पर बना लिया। जिसमें मैन ऑफ द मैच का खिताब एग्रीकल्चर विभाग के छात्र योगेश सिंह को दिया गया तथा मैंने ऑफ द सीरीज का खिताब एग्रीकल्चर विभाग के छात्र रोहन कुमार को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन राजेश डाबर, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सी.ए. शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा, मैनेजमेंट मेम्बर वंश डावर, शौर्य अरोरा , प्रधानाचार्य अभियन्त्रिकी ललित सिंह बिष्ट, संस्थान के उप-प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, मुख्य प्राशसनिक अधिकारी अनुभव बाटला, स्पोर्ट हेड शिवम शर्मा और अकरम अली और स्पोर्ट्स कमेटी मेंबर संजय सिंह, सादिक, प्रमोद कुमार, देव कुमार, चन्दन सिंह राणा, नीतू कोरंगा, अनम जावेद, दीपिका नेगी, एवं समस्त छात्र छात्रा शिक्षक शिक्षिकाये मौजूद रहें।

# दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने से छह दिन से बंद बसों का संचालन हुआ शुरू

देहरादून। दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने के कारण छह दिन से बंद चल रही देहरादून से जयपुर, गुरुग्राम, फरीदाबाद व खाटू श्यामजी बस सेवा को शुक्रवार से शुरू कर दिया गया। ये बसें बीएस-4 डीजल हैं और इनका दिल्ली में प्रवेश नहीं हो सकता, लिहाजा इन बसों का संचालन मुरादनगर से इस्टर्न और वेस्टर्न पेरिफेरल हाइवे से किया जा रहा है। पहले ये बसें दिल्ली में कश्मीरी गेट आइएसबीटी होकर संचालित होती थीं। इन बसों के अलावा कालसी, पांवटा-साहिब, भाऊवाला व बालावाला आदि से दिल्ली जाने वाली साधारण बस सेवाओं का संचालन भी मोहननगर तक शुरू कर दिया गया है। शनिवार 16 नवंबर से दिल्ली में उत्तराखंड की पुरानी डीजल बसों पर प्रतिबंध के बाद वर्तमान में पूरे प्रदेश से केवल 310 बसें ही दिल्ली जा पा रही हैं, जबकि पूर्व में यह संख्या 504 थी। अकेले देहरादून से ही रोजाना 150 बसों का संचालन दिल्ली के लिए किया जाता था, जो अब घटकर 41 रह गई हैं। इन 41 बसों में 30 अनुबंधित सीएनजी, सात वोल्वो और चार बीएस-6 डीजल बसें हैं। प्रतिबंध के कारण दिल्ली होकर गुरुग्राम, फरीदाबाद समेत जयपुर व खाटू श्यामजी जाने वाली बसों का संचालन भी बंद हो गया था। अब शुक्रवार से वैकल्पिक मार्ग के अंतर्गत परिवहन निगम ने देहरादून से गुरुग्राम, फरीदाबाद, जयपुर और खाटू श्यामजी जाने वाली बसों का संचालन शुरू कर दिया है।

# बालिका वर्ग में यूनिवर्सल कॉनवेन्ट और बालक वर्ग में गुरू तेग बहादुर स्कूल चैंपियन

## अर्न्तविद्यालयी बास्केटबॉल चैम्पियनशिप का हुआ समापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।तीन दिवसीय अर्न्तविद्यालयी बास्केटबॉल चैम्पियनशिप के अन्तिम दिन सेमीफाइनल व फाइनल मैच खेले गए। बालिका वर्ग में यूनिवर्सल कॉनवेन्ट तथा बालक वर्ग में गुरू तेग बहादुर स्कूल के छात्रों ने विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि पब्लिक स्कूल एसोसिएसन के अध्यक्ष कैलाश भगत ने बालक-बालिकाओं से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हर एक बच्चे में कोई न कोई प्रतिभा छिपी होती है, उसे निखारना स्कूल का कर्त्तव्य है, खेल हमारा शारीरिक व मानसिक विकास करता है, अत: हम सभी की भागीदारी खेलों में होनी चाहिए व भविष्य के लिए उन्होंनें सभी को शुभकामनाएँ दी।बालिका वर्ग में पहला सेमीफाइनल मैच इंस्पिरेशन व यूनिवर्सल स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें यूनिवर्सल ने इंस्पिरेशन को हराया। दूसरा सेमीफाइनल मैच डीपीएस व एसकेएम के बीच खेला जिसमें एस0 के0 एम0 ने डीपीएस को हराया।बालक वर्ग में पहला सेमीफाइनल मैच इंस्पिरेशन व गुरूकुल के बीच खेला गया। जिसमें गुरूकुल ने इंस्पिरेशन को







हराया। दूसरा सैमीफाइनल मैच सेन्ट थ्रेरेसा व गुरू तेग बहादुर स्कूल के बीच खेला गया जिसमें गुरू तेग ने सेन्ट थ्रेरेसा को हराया। फाइनल मैच बालिका वर्ग में यूनिर्वसल व एस0के0एम0 के बीच खेला गया। जिसमें यूनिवर्सल ने एस0के0एम0 को 26-15 से हराया। बालक वर्ग में गुरू तेग बहादुर व गुरूकुल के बीच खेला गया। जिसमें गुरू तेग बहादुर ने गुरूकुल को 65-49 से हराया।बालक वर्ग में विजयी ट्रॉफी गुरू तेग बहादुर व बालिका वर्ग में विजयी ट्राफी यूनिवर्सल को मिली। रनरअप ट्राफी बालक वर्ग में गुरूकुल स्कूल व बालिका वर्ग में एस0के0एम0 को मिली। साथ ही मोस्ट इमर्जिंग प्लेयर बालिका वर्ग में निशा आर्या (एस0के0एम0 स्कूल) व बालक वर्ग भूपेश सिंह कन्याल (गुरुकुल स्कूल) में को मिला। बेस्ट शूटर का खिताब बालिका वर्ग में कृतिका तड़ागी (डीपीएस स्कूल) व बालक वर्ग में दिव्यांशु काण्डपाल (सेन्ट थ्रेरेसा) को मिला। मोस्ट प्रोमिसिंग प्लेयर का खिताब बालिका वर्ग में भानु पंत (यूनिवर्सल स्कूल) व बालक वर्ग में अनिल बिष्ट (गुरु तेग बहादुर स्कूल) को मिला।इस मौके पर स्कूलों के खेल प्रशिक्षक मीना बिष्ट (गुरू तेग बहादुर स्कूल), तुषार (यूनिवर्सल स्कूल) ,सागर बिनवाल (एस0के0एम0), नीरज अधिकारी (गुरूकुल स्कूल) को भी सम्मानित किया।अंत में चेयरपर्सन डॉ0 गीतिका बल्यूटिया व प्रधानाचार्य अनुराग माथुर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए विजयी टीम को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलक्ष्य में इम्पीरियम स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती राधा ऐठानी, एड0 सतीश बल्यूटिया, श्री प्रवीन रौतेला, प्रधानाचार्य (सिंथिया स्कूल), श्री मणिपुष्पक जोशी (ऑरम स्कूल), श्री संजय बल्यूटिया, श्रीमती गायत्री बल्यूटिया, श्री विक्रम सिंह (क्वींस) श्री विनोद जोशी, श्रीमती भावना कैड़ा (एसकेएम), श्री विजय जोशी, प्रधानाचार्य (गुरू तेग बहादुर), श्री अनिल जोशी, श्री अरविन्द सिंह, प्रबन्धक (जिम कार्बेट स्कूल) ललिता बल्यूटिया, एवं समस्त पीएसए पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में खेल विभाग के शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय ।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ॥
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एवं वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# चोरी की दो बाइकों के साथ एक गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। चोरी की दो मोटरसाइकिलों के साथ पुलिस टीम ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि मानपुर रोड स्थित उजाला हॉस्पिटल के पास से बीते 18 नवंबर को अज्ञात चोरों ने एक मोटरसाइकिल उड़ा दी। पुलिस महकमे के उच्चाधिकारियों को जब इसका पता चला तो उन्होंने एक टीम का गठन कर उसे चोरों के पीछे लगा दिया। मुखबिर की सटीक सूचना पर गठित पुलिस टीम ने रामनगर रोड स्थित एस आर एफ फैक्ट्री के पास एक खंडहर से कचनाल गाजी कुमाऊं कॉलोनी निवासी विक्की पुत्र संजय को चोरी की एक मोटरसाइकिल तथा एक अन्य बगैर नंबर प्लेट की मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। कार्यवाही के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि पकड़ा गया कर नशे का आदी है और पूर्व में भी दो बार गंभीर मामलों में जेल की हवा खा चुका है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले)
लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# कलेक्ट्रेट में स्थापित होगी शहीद उधम सिंह की कांस्य प्रतिमा

## विधायक और डीएम ने प्रतिमा और चबूतरे के विस्तारीकरण का किया शिलान्यास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रेरणा से संस्कृति एवं धर्मस्व विभाग द्वारा 40 लाख की धनराशि से कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग के माध्यम से कलेक्ट्रेट परिसर में महान क्रान्तिकारी शहीद ऊधम सिंह जी की 9 फीट ऊँची कांस्य प्रतिमा लगाने एवं चबूतरे का विस्तारीकरण, निमार्ण कार्य का भूमि पूजन कर शिलान्यास विधायक शिव अरोरा एवं जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने संयुक्त रूप से किया। विधायक शिव अरोरा ने देश की आजादी में अभूतपूर्व योगदान देने वाले महान क्रान्तिकारी शहीद ऊधम सिंह को नमन करते हुए कहा कि हमारी सरकार शहीदों के सम्मान में सदैव नतमस्तक है। उन्होने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री द्वारा शहीद ऊधम सिंह की आदम कद की कांस्य प्रतिमा बनाये जाने के निर्देशों के क्रम में कलेक्ट्रेट परिसर में प्रतिमा को स्थापित कराया जायेगा। उन्होने कहा कि 1995 में बने इस जनपद का नाम महान क्रान्तिकारी शहीद ऊधम सिंह जी पर रखा गया है, देश के महान क्रान्तिकारी को यह हमारी श्रद्धार्जंलि है। प्रतिमा स्थापना से न सिर्फ लोगों को प्रेरणा मिलेगी बल्कि नौजवानों को देशभक्ति का भाव भी जागृत करेगी।जिलाधिकारी ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी का निर्णय था कि ऊधम सिंह जिले का नाम जिस महान विभूति के नाम पर है जिनका नाम देश की आजादी के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया है, जिन्होने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी उनकी गरिमा के अनुरूप एक कांस्य प्रतिमा लगाई जायेगी जिसका कार्यक्रम शिलान्यास आज माननीय विधायक रूद्रपुर के द्वारा किया गया है। उन्होने कहा कि यह कार्य आगामी छः माह में पूर्ण कर लिया जायेगा, प्रतिमा के लिए एक सुन्दर चबूतरे का निर्माण भी इस कार्य में शामिल है। उन्होने कहा कि यहां आने वाले आगन्तुक जब इस भव्य प्रतिमा को देखेंगे तो उनमें भी देश के लिए एक ऊर्जा का संचार होगा, देश के लिए हमें हमेशा तैयार रहना है ऐसी भावना जागृत होगी और देश को आगे बढ़ाने अपना हम सबको सहयोग करना चाहिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार, पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, ओसी अमृता शर्मा आदि उपस्थित थे।





# तेजाब डालकर चेहरा बिगाड़ देने की दी धमकी

## एसएसपी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मैट्रोपोलिस कार्यालय में कार्यरत एक महिला कर्मी ने कालोनी के एक व्यक्ति पर तेजाब डालकर चेहरा बिगाड़ देने और पीछा कर वीड़ियों बनाने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की है। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच उशुरू कर दी है। दर्ज रपट में कल्पना परिहार पुत्री नरेन्द्र सिंह परिहार निवासी मेट्रोपोलिस सिटी ने कहा है कि वह मैट्रोपोलिस कार्यालय में नौकरी करती है तथा मेट्रोपॉलिस मे ही एक विला में बतौर किरायेदार रहती हैं।का आरोप है कि विगत समय कुछ माह से मेट्रोपोलिस निवासी पियूष भाटिया पुत्र मोहन राय भाटिया, जो कि एक अपराधी किस्म का व्यक्ति है, उसका पीछा करता है, रास्ते में रोककर अश्लील टिप्पणीयां करता है। कई बार अपनी गाड़ी से दबाने का प्रयास करके आंतकित करता है। कल्पना का कहना है कि लगभग एक माह पूर्व दोपहर वह भोजन के लिए अपने घर जा रहीं थी कि तभी पियूष ने उसे रोक लिया और अश्लील बातें बोलने लगा। जब उसने पुलिस में रिपोर्ट कराने की बात कहीं तो वह धमकी देने लगा कि अगर रिपोर्ट कराई तो अच्छा नहीं होगा। उसके ऊपर तेजाब डालकर चेहरा बिगाड़ देगा। फोटो को एडिट कर फोटो को अश्लील बनाकर, इंटरनेट पर डाल देगा, और उसकी जिन्दगी बर्बाद कर देगा। इस डर के कारण उसने पुलिस में रिपोर्ट नहीं कराई। उसने बताया 15 नवम्बर की दोपहरवह अपने पी.जी. सेभोजन करके कार्यालय जा रहीं थी, तो पियुष पीछे से अपने मोबाईल से उसकी वीडियो बनाने लगा। उसे डर है कि पिगुष अपने मन में कोई षडयंत्र बना रहा है और मौका मिलने पर उसके साथ कोई अप्रिय घटना कर सकता है। घटनाक्रम के सम्बन्ध में उसने एक रिपोर्ट चौकी सिडकुल व आपके कार्यालय में प्रेषित की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बंटी कोली की याद में श्रद्धांजलि सभा कल



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के प्रतिनिधि रम्पुरा निवासी बंटी कोली का पिछले दिनों 11 नवंबर को यूपी के शाहबाद के पास दर्दनाक सड़क हादसे में निधन हो गया था। बंटी कोली की याद में कल 25 नवम्बर को भजन एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जायेगा। जानकारी देते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने बताया कि बंटी कोली को श्रद्धांजलि देने के लिए कल 2 बजे से सायं 4 बजे तक चौरासी घंटा मंदिर रम्पुरा में प्रार्थना सभा एवं भजन का कार्यक्रम रखा गया है। उनहोंने समस्त क्षेत्रवासियों से बंटी कोली को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचने की अपील की है।

# आयुक्त ने ब्यूटी पार्लर महिला कर्मी को दिलाया वेतन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कैम्प कार्यालय में आयुक्त दीपक रावत की अध्यक्षता में जनसुनवाई हुई। जिसमें लैंड फ्रॉड, अवैध कब्जा, बिजली, पानी आदि की शिकायतें आई और उनका मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों का निस्तारण के लिए को संबंधित विभाग को निर्धारित समय को कहा। रेखा बोहरा निवासी हल्द्वानी ने अपने चार माह का वेतन दिलाने की गुहार पिछली जनसुनवाई में की थी। वह हल्द्वानी के एक निजी पार्लर में नौकरी करती थी। शिकायत के बाद पार्लर की मालकिन द्वारा 26 हजार का भुगतान करने पर उन्होंने आयुक्त का धन्यवाद किया और यह भी बताया कि अभी लगभग 4 हजार का भुगतान किया जाना बाकी है। आयुक्त ने पार्लर की मालकिन को उनकी बची हुए देनदारी लौटने को कहा। वहीं हल्द्वानी का एक धोखाधड़ी का रोचक किस्सा भी सामने आया। फरियादी गणेश सिंह जीना ने अपनी दुकान गोपाल कृष्ण अग्रवाल नाम के व्यक्ति को 2017 से 2023 तक किराए पर थी। उनके द्वारा 2020 से अब तक किराया नहीं दिया। बाद में पता चला कि वह बैंक का डिफॉल्टर है। उसने बैंक डिफॉल्टर से बचने और उनके किराए भुगतान के लिए अपनी जमीन बेचने की गुहार लगाई।फरियादी ने उनकी परिस्थिति को देखते हुए अपने परिचित को दिलवाई और वह बैंक के डिफॉल्टर होने से बच गया। किंतु जब उसने अपने किराए मांगा और रजिस्ट्री करने के लिए कहा तो वो गोपाल कृष्ण अग्रवाल वादे से मुकर गया। आयुक्त ने अगले शनिवार को दोनों को तलब किया जिससे समस्या का जल्द समाधान हो। धरी के 24 परिवारों ने शिकायत की कि राजेंद्र सिंह नामक व्यक्ति ने उनकी भूमि पर जबरन कब्जा किया है। जिस भूमि पर उन्होंने कब्जा किया वे उस भूमि पर पिछले 82 वर्षों से काबिज है। राजेंद्र सिंह ने 2007 में षडयंत्र से अपने नाम कर ली और जेसीबी के जरिए हमारे बगान भी काट दिए। जिस पर आयुक्त ने तत्काल एसडीएम कैंची को फोन करके भूमि पर अवैध कब्जा रोकने और जांच पड़ताल करके रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। पिछले दिनों बसगांव के जमीनी फर्जीवाड़ा मामले के मुख्य आरोपी हरीश पांडेय को तलब किया था। किंतु उनके न पहुंचने और फोन बंद आने पर सीओ भवाली को उसे जल्द से जल्द पेश करने के निर्देश दिए।



# दुनिया चले ना श्रीराम के बिना राम जी चले ना हनुमान के बिना

किच्छा(उद संवाददाता)।श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार श्री हनुमान मंदिर के पास, मेटाडोर स्टैंड, हल्द्वानी रोड, किच्छा में सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार में पहुंचकर अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा एवं आज शनिवार है महावीर का वार है भजन से हुआ। उसके पश्चात दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल जी का भक्तो द्वारा फूल मालायें एवं पगड़ी पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया गया। महंत जी ने मनवा होजा दीवाना रे श्री बालाजी के चरणो में आदि भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया । वही भजनों की श्रृंखला में शिव कुमार ने श्री राम जय राम जय जय राम, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, अजय जायसवाल ने दुनिया से मैं हारा तो आया तेरे द्वार, बिट्टू अरोड़ा ने इतनी कृपा बालाजी बनाये रखना, पवन खेड़ा ने जरा घूमने तो घाटे चलिए, कृष्ण छाबड़ा ने बालाजी मेरे बालाजी मेरे आदि भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अजय जायसवाल, खरैत कुमार, शिव कुमार, वेद प्रकाश श्री वास्तव, सतीश कुमार, लबली बेदी, राजू अरोरा, मोहित श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव,निर्दोष गिरिजा शंकर शर्मा, शैलेश मित्तल, कृष्ण छाबड़ा, पप्पू शर्मा, रोहन भटनागर, पवन अरोरा, सत्यम जायसवाल, अंटू रस्तोगी, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैकड़ों भक्त मौजूद थे।



# कांग्रेस के छल और दुष्प्रचार को जनता ने नकारा: बिष्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। केदारनाथ उप चुनाव में भाजपा को मिली शानदार जीत को वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के अभेद्य चुनाव प्रबंधन का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी का छल प्रपंच और दुष्प्रचार केदारनाथ विधानसभा की जनता ने एक सिरे से नकार दिया। श्री बिष्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव परिणामों में भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन महायुति की जबरदस्त जीत को सुनामी की संज्ञा देते हुए इस विजय को ऐतिहासिक बनाने का श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईमानदार नेतृत्व को दिया। कांग्रेस पार्टी को देश एवं प्रदेश के समस्त चुनाव परिणामों में शिकस्त इस बात के स्पष्ट संकेत देते हैं कि देश की जनता देश को बांटने वालों के साथ कभी खड़ी नहीं है । देश और प्रदेश की जनता दुनिया में देश का मान सम्मान बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मजबूती से खड़ी है। प्रदीप बिष्ट ने कहा केदारनाथ विधानसभा की जीत समस्त कार्यकर्ताओं की निष्ठा, अथक परिश्रम और जनता जनार्दन का भाजपा सरकार की नीतियों पर अपार विश्वास का प्रतीक है। आम जनता को पता है उनका देश एवं उत्तराखंड प्रदेश सुरक्षित हाथों में है। प्रदीप बिष्ट ने कहा कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति एवं भ्रमित करने वाली यात्राओं को नकारते हुए केदारनाथ की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के विकास कार्यां पर अपनी मुहर लगाई है।



# केदारनाथ में जीत पर भाजपाईयों ने मनाई खुशियां

किच्छा(उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी ने केदारनाथ उपचुनाव और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर अपने जनाधार और विकास के एजेंडे को और मजबूती प्रदान की है। इस अवसर पर किच्छा नगर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक श्री राजेश शुक्ला के नेतृत्व में नगर के मुख्य चौराहे पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और मिष्ठान वितरण कर अपनी खुशी व्यक्त की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा, ष्महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और महायुति की एकतरफा जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य की महायुति सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों की जीत है। यह जनता के अपार विश्वास और हमारे कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने आगे कहा, ष्केदारनाथ उपचुनाव में जनता ने कांग्रेस के झूठे वादों को सिरे से नकारते हुए पुष्कर सिंह धामी सरकार के विकास कार्यों को चुना है। यह जीत उत्तराखंड की जनता के विकास के प्रति अटूट विश्वास और भाजपा की नीतियों की सफलता को दर्शाती है। शुक्ला ने इसे नए भारत के निर्माण की ओर एक और कदमकरार दिया। मिष्ठान वितरण करने वालो में मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल, संजीव सिंह, सभासद संदीप अरोरा, सतीश गुप्ता, क्रय विक्रय अध्यक्ष मूलचंद राठौर, मंडल महामंत्री मुकेश कोली, गोल्डी गोरया, कुलदीप बग्गा, नितिन फुटेला, विजय अरोड़ा, सुरेंद्र चौधरी, शरीफ मालिक, विनोद कोली, रामावतार अग्रवाल, नितिन वाल्मीकि, हारून मलिक, सुजात यार खान, विशाल गुप्ता, केतन कालडा, दिलीप जीना, धनीराम, राजेश कुमार कोली रज्जी, जानकी तिवारी, कमलेश राठौर, आरती दुबे, लता सिंह, शैलि फुटेला, पूनम अग्रवाल, कविता मान, मधु गुप्ता, देवेंद्र शर्मा, करुणा तिवारी, पारस अग्रवाल, चेतन गंगवार, पूरन भट, राजकुमार कालडा, जावेद मलिक, शरीफ मलिक समेत समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# जेसीज ने होली चाइल्ड स्कूल को हराकर ट्राफी कब्जाई

## होली चाईल्ड स्कूल में सीडी बत्रा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का पुरस्कार वितरण के साथ समापन







रूद्रपुर (उद संवाददाता)। होली चाइल्ड स्कूल के क्रिकेट मैदान में अनिल कुम्बले द्वारा संचालित टेन्विक स्पोर्टस के सहयोग से आयोजित द्वितीय सीडी बत्रा मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि बी.सी.सी.आई. लेवल बी कोच, एन.सी.ए. लेवल ए कोच एवं क्रिकेट कोच दिल्ली कैपिटल्स मलय कुमार नाथ तथा गेस्ट आफ आनर क्षेत्रीय अधिकारी, टेन्विक स्पोर्ट्स कपिल कुमार ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। फाइनल मैच होली चाइल्ड स्कूल और जेसीज पब्लिक स्कूल के बीच हुआ। जेसीज ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। होली चाइल्ड ने निर्धारित 20 ओवर में 10 विकेट पर 105 रन बनाए, इसके जवाब में बल्लेबाजी करते हुए जेसीज ने बिना विकेट गंवाए 10 ओवर में 108 रन बनाकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। जेसीज की ओर से पार्थ सिंह ने सर्वाधिक 51 रनों का योगदान दिया। उसने 35 बॉल में 9 चौके लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। इससे पूर्व तृतीय पायदान के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल और स्टोनरिज पब्लिक स्कूल, रूद्रपुर के बीच मैच खेला गया। जिसमें स्टोनरिज ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 7 विकेट पर 100 रन बनाए, इसके जवाब में दिल्ली पब्लिक स्कूल की टीम ने 10.3 ओवर में 2 विकेट पर 101 रन बनाकर मैच जीत लिया। इसके अलावा पूरे टूर्नामेंट के बेस्ट बॉलर- अंकित काण्डपाल (जेसीज), बेस्ट फील्डर- आदित्य शर्मा (स्टोनरिज), मैन आफ द सीरीज- अनहद संधू (दिल्ली पब्लिक स्कूल) रहे। इस प्रकार से द्वितीय सी डी बत्रा मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन खेल भावना के साथ उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन रोहिताश बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी श्रीमति पूजा बत्रा, विनय बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दूबे, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य (अकादमिक) श्रीमति मंजू अधिकारी, टूर्नामेंट के व्यवस्थापक सुधाकर सिंह (एच.ओ.डी.-फिजिकल एजूकेशन), टेन्विक स्पोर्ट्स के क्षेत्रीय अधिकारी कपिल कुमार, क्रिकेट कोच विरेश कुमार शर्मा तथा समस्त शिक्षक वर्ग ने विजेता टीमों को बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।

# क्रिटिकल केयर ब्लॉक का विधायक ने किया भूमि पूजन

## क्रिटिकल केयर ब्लॉक की स्वास्थ्य के क्षेत्र में भूमिका होंगी महत्वपूर्ण: शिव अरोरा



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मेडिकल कॉलेज में क्रिटिकल केयर ब्लाक के निर्माण कार्य का विधायक शिव अरोरा ने भूमि पूजन पूर्ण विधि विधान से किया। विधायक शिव अरोरा ने मेडिकल कॉलेज परिसर में भूमि पूजन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्बोधन के दौरान कहा रुद्रपुर क्षेत्र के लिये यह मील का पत्थर सबित होने जा रहा है यह क्रिटिकल केयर यूनिट जिसकी क्षमता 50 बेड की होंगी और जो 24 करोड़ की लागत से अगले 6 महीने में बनकर तैयार होगा जो अत्यधिक सुविधाओं से पूर्ण जिसमे हर प्रकार के गंभीर इलाज एक्सीडेंट, महिला प्रसव, बच्चों के इलाज से लेकर सभी सुविधा होंगी जिसमे एमआरआई आसीयू, एचडीयू एक्सरे, सोनोग्राफी, एंडोस्कोपी, ईसीजी, ईको डायलिसिस जैसी इलाज की लगभग सभी सुविधाएं होंगी। जो 4249 स्क्वायर एरिया में बनेगा जिसमे 6 मंजिल होंगी, 2 ऑपरेशन थिएटर के अलावा गंभीर इलाज हेतु होने वाली सभी सुविधा से यह पूर्ण होगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में स्वास्थ्य मंत्री द्वारा क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण कार्य होना सुनिश्चित हुआ है जिसमे सांसद अजय भट्ट के विशेष प्रयास रहे। यह क्रिटिकल केयर यूनिट स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए बहुत उपयोगी साबित होने जा रही है। विधायक ने कहा जिला अस्पताल एक जो रेफर सेंटर बन गया था अब रेफर दर में कमी आयेगी। हम अगले डेढ़ साल में मेडिकल कॉलेज की कक्षा प्रारम्भ करने जा रहे हैं यह क्रिटिकल केयर मेडिकल कॉलेज का हिस्सा है और मेडिकल कॉलेज के अस्तित्व में आते ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन नजर आएंगे। साथ ही किच्छा में बनने वाले एम्स सैटेलाइट यूनिट का भी बहुत बढ़ा लाभ मिलेगा। भूमि पूजन के अवसर पर मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ के एस शाही, जिला अस्पताल पीएमएस के के अग्रवाल, गुरप्रीत मिश्रा, शालनी बोरा, माहि सकलानी, मयंक कक्कड़, राधेश शर्मा, राजेंद्र राठौर, विकास अग्रवाल, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ऑपरेशन रोमियो अभियान में 80 अराजक तत्व दबोचे



हल्द्वानी। जिलाधिकारी के निर्देश पर विभिन्न कार्यशाला में प्राप्त हुए इनपुट के आधार पर महिला सुरक्षा के मद्देनजर सिटी मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई एवं प्रकाश चंद्र एस पी सिटी के नेतृत्व में पुलिस व प्रशासन द्वारा ऑपरेशन रोमियो अभियान चलाया गया। जिसमें 80 अराजक तत्वों को अलग-अलग स्थान से हिरासत में लिया गया। सिटी मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई ने बताया कि ऑपरेशन रोमियो के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं नैनीताल पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाते हुए तीन टीम गठित कर नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से 80 अराजक तत्वों को विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया गया। जिनका वर्तमान में मेडिकल परीक्षण करने के उपरांत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। अभियान में सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी, लालकुआँ दीप शिखा अग्रवाल, भवाली सुमित पांडेय सीओ, तहसीलदार हल्द्वानी सचिन कुमार, डॉक्टर विपुल एवं डॉक्टर आलम सम्मिलित रहे।

# जीत से गदगद भाजपाइयों ने किया मिष्ठान वितरित



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महाराष्ट्र और केदारनाथ चुनाव की जबरदस्त विजय के अवसर पर भाजपा कार्यालय में जिला जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, प्रदेश प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी, द्वारा कार्यकर्ताओ के साथ मिष्ठान वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा लगातार जनता का भरोसा भारतीय जनता पार्टी पर बढ़ता जा रहा है। प्रधानमंत्री और हमारे संगठन की एकजुटता व प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत रंग लाई। प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा भाजपा संगठन जनता हितों के लिए काम करता है। निरंतर संगठन जनता के संपर्क में रहता है और देश के प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री पर विश्वास व जनता के काम आज चुनाव की जीत है। प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी ने कहा पार्टी लगातार संगठित, सुशासन व लगातार जनता के कामों के लिए कार्यकर रहा है। सरकारें संकल्प बद्ध है। आज हमें बहुत खुश होना चाहिए। देश के प्रधानमंत्री मोदी की देश व विदेश में उनकी व देश की मान प्रतिष्ठा लगातार बढ़ रही है। मिष्ठान वितरण कार्यक्रम मे रंजन बर्गली, नवीन भट्ट, प्रदीप बिष्ट, गीता ठाकुर, किशोर जोशी, हरिमोहन अरोड़ा, प्रतिभा जोशी, रेनू अधिकारी, प्रमोद तोलिया, भुवन जोशी,भुवन भट्ट, विष्णु सक्सेना, मोहन पाठक, योगेश रजवार, नीरज बिष्ट, संदीप गोड़, गोपाल भट्ट, प्रशांत वर्मा, अंशुल पाण्डे आदि लोग मौजूद रहे।

# केदारनाथ की जीत धामी की लोकप्रियता की जीत:जोशी




खटीमा (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुख्य चौक पर केदारनाथ उपचुनाव में हुई जीत पर मिष्ठान वितरण किया एवं आतिशबाजी की। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व मुख्य चौक पर उत्साहित कार्यकर्ताओं ने आशा नौटियाल की जीत प्रदेश के मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई दी भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि ये जीत पुष्कर सिंह धामी की लोकप्रियता एवं उनके विकास कार्यों की जीत है। सभी पार्टी कार्यकर्ताओं ने एकजुट हो कर केदारनाथ उपचुनाव की जीत सुनिश्चित की है। मिष्ठान वितरण करने वालों में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, जिला महामंत्री सतीश गोयल, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, मंडी अध्यक्ष नन्दन खड़ायत ,वरिष्ठ भाजपा नेता नवीन बोरा, सतीश भट्ट, रमेश जोशी, नीलू गुप्ता, अंजू देवी, अनीता ज्याला, किशन सिंह किन्ना, नवल वाल्मीकि, नीरज रस्तोगी, संतोष अग्रवाल, करण यादव, राहुल सक्सेना, भास्कर जोशी, अनमोल सोनकर, ललित जोशी, सतनाम सिंह, मनोज शाही, जगजीत सिंह मल्ली, हाफिज उर रहमान ,अनवर अहमद ,सुखदेव सिंह, सिद्धांत बिस्ट, भुवन जोशी,किशोर जोशी, प्रमोद गहतोड़ी, मानस बत्रा, रामू भारती, सन्तोष अग्रवाल, गंगा चोहान, विकास गुलाटी, अमन भट्ट ,पवन बोरा उपस्थित थे।

# आरएएन स्कूल में विंटर कार्निवल-मेगा फेट-2024 की धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित विंटर कार्निवल-मेगा फेट-2024 का आयोजन धूमधाम से हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ





विद्यालय के चेयरमैन विंग कमांडर एच. के. राय, मैनेजर मोहित राय, प्रशासक श्रीमती निधि राय, भूरारानी शाखा की प्रधानाचार्य श्रीमती भावना भनोट और डिबडीबा शाखा की प्रधानाचार्या श्रीमती ममता बिष्ट द्वारा रिबन काटकर किया गया। छात्रों के लिए इस आयोजन में खाने-पीने के स्टॉल्स और खेलों के स्टॉल्स विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। डीजे डांस फ्लोर ने छात्रों को रोमांचित कर दिया, जहां उन्होंने उत्साहपूर्वक संगीत की धुनों पर नृत्य किया। मेले में एक लकी ड्रॉ का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने टैबलेट्स, साइकिल, ब्लूटूथ स्पीकर, स्कूल बैग, ट्रैक सूट और कई अन्य उपहार वाउचर्स जैसे रोमांचक इनाम जीते। चेयरमैन विंग कमांडर एच.के. राय ने सभी स्टॉल्स का दौरा किया और छात्रों की प्रतिभा और उत्साह की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्रों में टीमवर्क, सहयोग, समय प्रबंधन और सामाजिकता जैसे महत्वपूर्ण गुणों का विकास होता है,जो उनके समग्र व्यक्तित्व निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है। भूरारानी शाखा की प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट और डिबडिबा शाखा की प्रधानाचार्या श्रीमती ममता बिष्ट ने लकी ड्रॉ में विजेता छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट ने अपने संदेश में कहा कि छात्रों को इस मेले का आनंद लेकर अब अपनी पढ़ाई को गंभीरता से शुरू करना चाहिए, क्योंकि परीक्षाएं अधिक दूर नहीं हैं। विंटर कार्निवल-मेगा फेट - 2024 छात्रों के लिए एक आनंदमय और प्रेरणादायक अनुभव रहा, जिसने उनके भीतर नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।

# पूर्व सभासद ने केबिनेट मंत्री बहुगुणा को मांग पत्र सौंपा

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को समाजसेवी व पूर्व सभासद ने पत्र देकर नगर पंचायत शक्तिगढ़ के वार्ड नं. 6 से वार्ड 1 होते हुए निर्मलनगर के नाला तक पक्की नाली निर्माण कराने की मांग की है। शक्तिफार्म वार्ड नं 2 निवासी समाजसेवी व पूर्व सभासद रमेश राय ने क्षेत्रीय विध



यक व कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को पत्र देकर बताया कि नाला निर्माण से सैकड़ों परिवार लाभान्वित होंगे व बरसाती मौसम में जल भराव की स्थिति से निजात मिलेगी। मंत्री सौरभ बहुगुणा ने जल्द नाली निर्माण कराने का आश्वासन दिया है।रमेश राय ने कहाकि क्षेत्र के जनता के समस्याओ को समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### 'गेमिंग ऐप' का चस्का

कुछ मशहूर खिलाड़ियों और जानी–मानी हस्तियों ने 'गेमिंग ऐप' का जिस तरह भ्रमित कर देने वाला प्रचार किया है, उसके बुरे नतीजे साफ दिखने शुरू हो गए हैं। आनलाइन गेमिंग की आड़ में नए तौर–तरीके से सट्टेबाजी हो रही है और उसके शिकार हो रहे हैं किशोर और युवा। आनलाइन गेम की लत उन्हें इस जुए के नए जाल में फंसा रही है। उत्तर प्रदेश के झांसी में नर्सिंग की एक छात्रा ने सट्टे में बड़ी रकम गंवाने के बाद जो किया, वह कोई अकेली घटना नहीं है। कुछ महीने पहले अलीगढ़ में भी एक लड़के ने ऐसी सट्टेबाजी में हजारों रुपए बर्बाद करने के बाद अपने ही अपहरण की झूठी कहानी रची थी।झांसी में टोडी फतेहपुर की छात्रा ने भी दोस्तों के साथ मिल कर वही कहानी दोहराई और अपने ही परिजनों से छह लाख रुपए की फिरौती मांगी। दरअसल, आजकल आनलाइन सट्टेबाजी का चस्का जिस तरह लोगों को लगा है, वह कई भारतीय परिवारों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। झांसी का मामला ऐसी घटनाओं की एक कड़ी भर है। ऐसे हजारों युवा होंगे जो रोज लाखों रुपए गंवा रहे होंगे और जिन पर किसी की नजर नहीं जा पाती।सवाल है कि किसी तरह की सट्टेबाजी गैरकानूनी होने के बावजूद चोरी–छिपे या खुलेआम विज्ञापन देकर युवाओं को अगर जुए की लत में फंसाया जा रहा है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? आनलाइन गेमिंग के नाम पर चल रहे इस खेल को कौन बढ़ावा दे रहा है और इसके नतीजे क्या आ रहे हैं, यह कानून की नजर में अवश्य होना चाहिए। पिछले कुछ समय से कई 'बेटिंग ऐप्स' और वेबसाइटों पर खुलेआम सट्टेबाजी हो रही है। पहली बार कोई सट्टा जीतता है, तो फिर उसके बाद उसके लिए एक दलदल तैयार हो जाता है, जिसमें घुसने के बाद वह निकल नहीं पाता। शुरू में कमाई हुई, फिर कब सारी पूंजी लुट गई, इसका अहसास तब होता है जब पीड़ित को यह पता चलता है कि दोस्तों से कर्ज लिए रुपए भी डूब गए। यह भी संभव है कि सट्टेबाजी कराने वाली कंपनियां युवाओं की मनोस्थिति भांप कर उनको जाल में फंसाती हों। इस तरह के खेल में उलझना एक अंधी सुरंग में भटक जाने की तरह है। इसमें फंसने वाले युवाओं और किशोरों को बचाने की जरूरत है।

# जनता के लिए खुलेगा 186 साल पुराना 'राष्ट्रपति आशियाना'

## राष्ट्रपति सचिवालय के अधिकारियों ने देहरादून में की बैठक





देहरादून(उद संवाददाता)। देहरादून के राजपुर रोड पर स्थित एतिहासिक राष्ट्रपति आशियाना आगामी अप्रैल माह से आम लोगों के लिए खुल जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निर्देश पर शनिवार को राष्ट्रपति सचिवालय के अधिकारियों ने देहरादून पहुंचकर राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान आशियाना में जनता के लिए आवश्यक सुविधाएं जुटाने के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निर्देश पर अब देहरादून स्थित 186 साल पुराने, राष्ट्रपति आशियाना को आम लोगों के लिए खोला जा रहा है। 21 एकड़ क्षेत्रफल में फैले इस परिसर का इस्तेमाल अभी राष्ट्रपति बाडीगॉर्ड (पीबीजी) द्वारा किया जा रहा है।परिसर को आम जन के लिए खोलने से पहले आवश्यक तैयारी के लिए शनिवार को आशियाना परिसर में राष्ट्रपति सचिवालय से अपर सचिव डॉ. राकेश गुप्ता ने उच्च स्तरीय बैठक मे उत्तराखंड सरकार के उच्चाधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया। तय किया गया कि आम लोग परिसर के मुख्य भवन तक प्रवेश कर सकेंगे। इस दौरान लोगों को राष्ट्रपति आशियाना के साथ ही भारतीय सेना की 251 साल पुरानी रेजीमेंट पीबीजी के इतिहास और इसके 186 साल पुराने अस्तबल से रूबरू होने का भी मौका मिलेगा। लोग परिसर के खूबसूरत बाग, कैफेटिरिया का भी आनंद उठा सकेंगे। बैठक में परिसर को आम जन के लिए खोलने से पहले बिजली, पानी, पार्किंग की सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में पीबीजी के सीओ कर्नल अमित बेरवाल, ओएसडी स्वाति शाही के साथ ही उत्तराखंड शासन के सचिव शैलेश बगोली, सचिन कुर्वे, पंकज कुमार पांडे, डीएम देहरादून स्वीन बंसल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित हुए। इससे पहले राष्ट्रपति के निर्देश पर हैदराबाद स्थित राष्ट्रपति नीलायम और मशहोबरा स्थित राष्ट्रपति निवास को भी आम लोगों के लिए खोला जा चुका है।

# मुफ्त की रेवड़ियों ने सरकारों की कर दी वापसी!





देश के मतदाता लगता है, मुफ्त की रेवड़ियों के लालच में मतदान करने लगे हैं। इसी का परिणाम है कि महाराष्ट्र और झारखंड में सत्ताएं बरकरार रही हैं। 288 विधानसभा सीटों वाले राज्य महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन वाले महायुति ने विधानसभा में स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। वहीं झारखंड में इंडिया गठबंधन ने 55 सीटें जीतकर भाजपा को बहुत पीछे धकेल दिया है। उत्तर प्रदेश में हुए 9 सीटों पर उपचुनाव में भाजपा ने 7 सीटों पर जीत हासिल करके जता दिया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व को जनता सम्मान के साथ स्वीकार रही है। लेकिन भाजपा को मध्यप्रदेश में बड़ा झटका लगा है। विधानसभा विजयपुर में दल–बदलकर आए भाजपा प्रत्याशी और राज्य सरकार में वन मंत्री रामनिवास रावत को मतदाता ने नकार दिया है। अन्य राज्यों में हुए उपचुनावों में भी भाजपा का अच्छा प्रदर्शन देखने में आया है। उप्र के बाद महाराष्ट्र विधानसभा सीटों के लिहाज से सबसे बड़ा राज्य है। पिछले तीन दशक में यहां किसी भी एक दल को स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाने का मौका नहीं मिला है। अतएव गठबंधन सरकारें ही सरकार चलाती रही हैं। इसी कारण यहां सरकारें गिराने के लिए विधायकों की तोड़–फोड़ भी देखने में आती रही हैं। शिवसेना से टूटकर भाजपा में शामिल हुए एकनाथ शिंदे भाजपा की दम पर मुख्यमंत्री बन गए थे। उन्हीं के मुख्यमंत्री रहते हुए अपने चाचा शरद पवार को झटका देकर अजीत पवार ने एनसीपी (अजीत पवार) बनाई और वे महायुति का हिस्सा बन भाजपा और एकनाथ शिंदे की शिवसेना का हिस्सा बन गए। अब यही महायुति नई सरकार बनाएगी। मुख्यमंत्री कौन होगा यह देखने वाली बात होगी। दूसरी तरफ शरद पवार के नेतृत्व वाली महाविकास अघाड़ी पार्टी थी, जो कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना के साथ चुनाव लड़ी। लेकिन महायुति से करारी हार का सामना करना पड़ा। यहां चुनाव इन्हीं दोनों गठबंधनों के बीच था। भाजपा को छोड़ किसी भी दल ने कुल 288 सीटों की आधी से भी ज्यादा सीटों पर चुनाव नहीं लड़ा। इसलिए तय था कि किसी एक दल की सरकार महाराष्ट्र में 30 वर्ष बाद भी बनने नहीं जा रही है। भाजपा ने अपने सहयोगियों के साथ बड़ी जीत हासिल की है, लेकिन बिना सहयोगियों के वह भी सरकार नहीं बना पाएगी। हालांकि भाजपा 125 से ऊपर सीटें जीतकर विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी होगी। चूंकि सबसे ज्यादा सीटें भाजपा की हैं, इसलिए एकनाथ शिंदे और अजीत पवार में से कोई मोलभाव करके मुख्यमंत्री बन जाए, ऐसा लगता नहीं है। अतएव लगता है एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री का पद देवेंद्र फडणवीस के लिए पद छोड़ना होगा। राज्य के सबसे बड़े चुनावी रणनीतिकार माने जाने वाले शरद पवार अपने भतीजे अजीत पवार से ही मात खाकर हाथ मलते रह गए। इधर बड़ा झटका उद्धव ठाकरे को लगा है। वे अपने पिता बाल ठाकरे की विरासत को बचाने में असफल रहे हैं। महाविकास अघाड़ी को जीत की इसलिए उम्मीद थी कि क्योंकि इस गठबंधन ने लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 48 में से 30 सीटें जीत ली थीं। इस कारण महाविकास अघाड़ी गठबंधन सत्ता परिवर्तन को लेकर



अशंवित था। परिणाम से तो तय हो ही गया है कि महाविकास अघाड़ी की आशाओं पर पानी फिर गया है, इससे पहले एग्जिट पोल ने भी जता दिया था कि उसका जीतना मुश्किल है। दरअसल महाविकास अघाड़ी को यह झटका रिश्तों का रंग, बदरंग हो जाने के कारण भी लगा है। अजीत पवार ने अपने चाचा शरद पवार से रिश्ते तोड़कर जता दिया था कि उनके नेतृत्व को बड़ी चुनौती मिल गई है और शरद पवार अपने राजनीतिक वजूद को पुर्न स्थापित नहीं कर पाएंगे। परिणाम के बाद इस तथ्य की पुष्टि हो गई। शरद पवार अब महाराष्ट्र के ताकतवर मराठा नहीं रह गए हैं। अपने रिश्तेदारों और भरोसेमंदों का धोखा खाने के बाद 26 साल पहले उनके द्वारा स्थापित राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी अब हशिए पर है। मूलत: कांग्रेसी और पसंद से वंशवादी पवार इस उम्मीद में प्रभावी उत्तराधिकारी तैयार नहीं कर पाए कि कहीं उनकी बेटी सुप्रिया सुले पिछड़ न जाए ? उद्धव ठाकरे को बड़ा झटका इसलिए लगा है, क्योंकि वे अपने पिता बाल ठाकरे की तरह प्रखर हिंदुत्व की छवि को बरकरार रखने में असफल रहे। वे और उनके पुत्र आदित्य ठाकरे उन फतवों को भी नहीं नकार पाएं, जिनमें कहा गया था कि भाजपा को वोट देने वालों का हुक्का–पानी बंद कर देंगे। एक मौलवी ने तो यहां तक कह दिया कि उद्धव ठाकरे की शिवसेना अब बाल ठाकरे की शिवसेना नहीं रही है। मतलब उसमें इतने बदलाव हो गए हैं कि वह मुल्ले–मौलवियों की पार्टी बन गई है। उद्धव ठाकरे ने तो मौलवियों की इस कट्टर और खतरनाक मंसूबे का कोई उत्तर नहीं दिया,लेकिन योगी आदित्यनाथ के नारे 'बटेंगे तो कटेंगे' ने मौलवियों को उत्तर देकर मतदाताओं का मत हासिल कर लिया। उद्धव अपनी हिंदुत्व की छवि को भविष्य में बहाल कर पाएंगे ऐसा अब लगता नहीं है। झारखंड में भाजपा को हेमंत सोरेन को जेल में भेजना महंगा पड़ा है। यहां घुसपैठ और ईसाईकरण के मुद्दे भी काम नहीं आए। दरअसल भाजपा के पास कोई ऐसा बड़ा चेहरा नहीं था, जो वहां के आदिवासियों को लुभा सके ? भाजपा गठबंधन को उम्मीद थी कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्म का आदिवासी होना, भाजपा के लिए वोट बटोर लेगा, किंतु धरातल पर ऐसा दिखाई नहीं दिया। सत्ताधारी दल की जनगणना पत्रक में अलग से धर्म का कॉलम बनाने की मांग ने हिंदुत्व के मुद्दे को फीका करने का काम किया है। भाजपा के पास झारखंड में कोई ऐसा स्वीकारने लायक चेहरा नहीं था, जिसे चुनावी कमान सौंपी जा सके ? इसलिए उसने शिवराज सिंह चौहान को झारखंड का चुनाव प्रभारी बनाया। वे जितना कर सकते थे, उतना किया भी। लेकिन परिणाम शून्य रहा। दरअसल भाजपा ने यहां बांग्लादेशी मुस्लिमों की घुसपैठ के चलते सीमावर्ती जिलों में जनसांख्यकीय घनत्व बिगड़ने की बात उठाई, परंतु यह मुद्दा समूचे झारखंड का मुद्दा नहीं बन पाया। दरअसल संथाल और उसके निकट के जिलों में घुसपैठ का प्रभाव है। परंतु उसका असर पूरे झारखंड में दिखाई नहीं देता। इसलिए भाजपा की हिंदुत्व और घुसपैठ के मुद्दे मतदाता में गहरी पैठ नहीं बना पाए। सोनिया गांधी पुत्रमोह के चलते पुत्री प्रियंका वाड्रा को उम्मीदवार बनाने से बचती रही हैं। लेकिन अब 52 वर्ष की प्रियंका को वायनाड के उपचुनाव में उतारा गया। यह सीट राहुल गांधी ने जीती थी, जो उन्हें खाली करनी पड़ी। क्योंकि वे रायबरेली से भी चुनाव लड़े और जीते थे। अतएव उन्हें एक सीट से इस्तीफा देना पड़ा। प्रियंका ने यह पहला चुनाव 4 लाख से भी ज्यादा मतों से जीत लिया। अब एक ही परिवार के 3 सदस्य संसद में होंगे। लोकतंत्र के लिए यह सुखद नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वंशवादी राजनीति के मुखर विरोधी रहे हैं। लेकिन प्रियंका ने जीत हासिल करके परिवारवादी राजनीति को कांग्रेस में मजबूत कर दिया है। मध्यप्रदेश में रामनिवास रावत लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस विधायक रहते हुए भाजपा में शामिल हुए थे। उन्हें विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर रावत के विधायक रहते हुए भाजपा में इसलिए लाए थे, जिससे मुरैना लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार शिवमंगल सिंह तोमर चुनाव जीत जाएं। तोमर तो चुनाव जीत गए थे, लेकिन स्वयं के लाभ के लिए दल–बदल करने वाले नेता को मतदाता ने चारों खाने चित्त कर दिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को भी रावत की हार बड़ा झटका है। उन्हें सिर–मुड़ाते ही ओले पड़ने की कहावत का सामना करना पड़ा है। उनके कार्यकाल में यह पहला उपचुनाव था, जिसमें शासन– प्रशासन की पूरी ताकत लगाने के बाद भी हार का मुंह देखना पड़ा। रावत पहली बार चुनाव लड़े थे। इसके पहले वे कांग्रेस से 6 बार चुनाव लड़ चुके हैं। अब उन्हें कांग्रेस उम्मीदवार मुकेश मल्होत्रा ने हराकर जता दिया है कि जनता दल–बदलुओं के पक्ष में नहीं है। भाजपा कार्यकर्ता भी नहीं चाहते थे कि दलबदलू उनकी छाती पर बैठकर दाल दलें। बुधनी सीट भी भाजपा इसलिए जीत पाई, क्योंकि वहां गृहनगर होने के कारण पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की साख का सवाल था। मतदाता ने उनकी लाज रखी और बाहरी प्रत्याशी होने के बावजूद रमाशंकर भार्गव को चुनाव जिता दिया। बहरहाल भाजपा ने एक बार फिर जता दिया है कि मतदाता में उसकी पैठ बनी रहेगी।

**प्रमोद भार्गव, लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**




# एक्सीडेंट केस में फरार कंटेनर चालक गिरफ्तार

देहरादून। ओएनजीसी चौक पर हुई दुर्घटना में छह युवक-युवतियों की मौत के मामले में फरार चल रहे कंटेनर चालक को पुलिस ने 11 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि उसने दुर्घटना के बाद पुलिस को सूचना नहीं दी और फरार हो गया। इसके अलावा उसने कंटेनर की पंजीयन नंबर प्लेट भी गायब कर दी, ताकि उसका व कंटेनर के बारे में कुछ पता न चल सके। घटनास्थल से साक्ष्य मिटाने की धारा भी पुलिस ने उसके विरुद्ध जोड़ दी है। आरोपित चालक बिहारीगढ़, सहारनपुर का रहने वाला है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि 11 नवंबर की रात को ओएनजीसी चौक पर एक कंटेनर से इनोवा कार पीछे से टकरा गई थी। जिसमें तीन युवक व तीन युवतियों की मृत्यु हो गई थी। एक युवक गंभीर रूप से घायल है। जिसका सिनर्जी अस्पताल में उपचार चल रहा। यह दुर्घटना इतनी भयावह थी कि एक युवक व एक युवती के सिर धड़ से अलग हो गए थे, जबकि बाकी चार के मांस के टुकड़े भी पूरी सड़क पर फैल गए थे। घटना के बाद कंटेनर का चालक अपने वाहन की नंबर प्लेट उखाड़कर फरार हो गया था। पुलिस ने कंटेनर के चेसिस व इंजन नंबर के आधार पर जानकारी जुटाई तो उसका पंजीयन नंबर (एचआर-55 जे-4348) निकला, जो वीआरसी लाजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम (हरियाणा) के नाम पर पंजीकृत पाया गया। कंपनी के अधिकारियों से पूछताछ की तो पता चला कि कंपनी ने कंटेनर वर्ष-2015 में सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) निवासी नरेश गौतम को बेच दिया था। नरेश गौतम ने पुलिस को बताया कि उसने यह कंटेनर अभिषेक चौधरी निवासी मवाना, मेरठ को किराये पर दिया हुआ है। नरेश गौतम हारिजांटल डायरेक्शन ड्रिलिंग मशीन किराये पर देता है। उसने अभिषेक चौधरी को कंटेनर के साथ मशीन भी किराये पर दे दी। पुलिस की जांच में पता चला कि अभिषेक चौधरी कंटेनर में ड्रिलिंग मशीन लेकर अक्टूबर-2024 में मेरठ से देहरादून आया था। काम न मिलने के कारण उसने कंटेनर ट्रांसपोर्टनगर में खड़ा कर दिया। जब कभी काम का आर्डर आता था तो कंटेनर भेज देता था। घटना की रात कंटेनर मशीन को कौलागढ़ में चल रहे ड्रिलिंग के कार्य के लिए लेकर जा रहा था। जिसे रामकुमार उर्फ रामू निवासी ग्राम इस्माइलपुर, बिहारीगढ (सहारनपुर) चला रहा था। पुलिस ने जांच के बाद शुक्रवार को रामकुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में कंटेनर चालक ने बताया कि घटना की रात जब इनोवा कार पिछले हिस्से से टकराई तो उसने कुछ युवकों के शव सड़क पर पड़े देखे। जिससे वह घबरा गया और वहां भीड़ जुटती देख उसने कंटेनर से नंबर प्लेट उखाड़ी और फरार हो गया। पकड़े जाने के डर से उसने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया और अपने घर जाने के बजाय अज्ञात जगह छिप गया। वर्ष 2015 में वाहन खरीदने के बावजूद नरेश गौतम ने टैक्स बचाने के चक्कर में कंटेनर अपने नाम ट्रांसफर नहीं कराया। कंटेनर (एचआर-55-जे-4348) बीते 11 वर्ष से बिना फिटनेस दौड़ रहा था। गुरुग्राम के आरटीओ कार्यालय में 12 अगस्त 2009 को पंजीकृत उक्त कंटेनर फिटनेस प्रमाण-पत्र 16 अगस्त-2013 को समाप्त हो गया था, जबकि टैक्स व बीमा 31 मार्च-2015 को खत्म हो चुका था। कंटेनर का चालक साइड का फ्रंट शीशा टूटा हुआ था, इस पर रिफ्लेक्टर टेप और पंजीयन नंबर प्लेट तक नहीं थी। खस्ताहाल होते हुए भी यह कंटेनर बेधड़क सड़कों पर दौड़ रहा था। कंटेनर का स्वामित्व ट्रांसफर न कराने को लेकर पुलिस नरेश गौतम के विरुद्ध भी कार्रवाई की तैयारी कर रही है।



# दो वर्षों में यूपीसीएल ने विद्युत वितरण क्षेत्र में की अभूतपूर्व प्रगति

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व और निरन्तर प्रयासों से विगत 02 वर्षों में यूपीसीएल द्वारा विद्युत वितरण क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति कर राज्य में लगभग 4000 किमी से अधिक एल.टी. लाइनें बिछाई हैं। प्रदेश के हर गांव, हर घर तक बिजली पहुंचाने के साथ-साथ आम जनता की जीवन शैली में सकारात्मक बदलाव हुए हैं। उत्तराखण्ड के औद्योगिक क्षेत्र के विकास में हो रहे व्यापक बदलाव को और अधिक गति देने हेतु बिजली वितरण क्षेत्र सुदृढ़ एवं समृद्ध हुआ है। विगत वर्षों में यूपीसीएल द्वारा एक मजबूत विद्युत वितरण प्रणाली की स्थापना के साथ-साथ परिचालन एवं व्यवसायिक दक्षता में सुधार हेतु अहम कदम उठाये गये हैं। लगातार बढ़ रही मांग की प्रतिपूर्ति करने हेतु यूपीसीएल द्वारा 02 वर्षों में 04 नए 33/11केवी उप-संस्थानों का निर्माण तथा लगभग 242 किमी 33 ज्ञट, 2045 किमी 11 केवी एवं 4101 किमी एलटी लाईनें प्रदेश भर में स्थापित की गई हैं। प्रदेश भर में सभी पोषकों पर विद्युत संतुलन बनाए रखने हेतु लगभग 8266 वितरण परिवर्तक स्थापित किए गए हैं। साथ ही पिछले 02 वर्ष में 1,89,804 नए विद्युत संयोजन स्थापित किए जा चुके हैं। उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु भविष्य निधि परियोजनाओं के क्रियान्वयन पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। भारत सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत प्रदेश भर में लगभग 16 लाख उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट प्रीपेड मीटर की स्थापना उपभोक्ताओं के लिए एक वरदान साबित होगा। साथ ही एनर्जी एकाउन्टिंग को बेहतर बनाने हेतु 59212 वितरण परिवर्तक एवं 2602 पोषकों पर भी स्मार्ट मीटर लगाए जायेंगे जिससे बिजली व्यवस्था की डिजिटलीकरण, ऑटोमिशन और दक्षता में बढ़ोत्तरी होगी और विद्युत हानियों को भी कम किया जा सकेगा।

## पेज एक का शेष...

**रात को चैकिंग के...**क्षतिग्रस्त हो जाती है तो तत्काल उसी दिन उसे ठीक कराया जाय। उन्होंने कहा कि क्षेत्र वासियों द्वारा हेल्पलाइन नंबर पर जो भी समस्या व शिकायत दर्ज कराई जाती है उसका तत्काल संज्ञान लेते हुए समाधान किया जाय। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों द्वारा कुछ स्थानों में सीवरेज लाईन के चेंबर उनके घरों के लेबल से अधिक ऊंचे बन जाने,जिससे भविष्य में वर्षात में उनके घरों में जल भराव की समस्या होने की संभावना व्यक्त की गई। इस संबंध में जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को तकनीकी रूप से इसका विशेष ध्यान रखते हुए स्थानीय घरों के लेबल से नीचे सीवरेज चैंबर बनाने के साथ ही सड़क के बराबर उसे बनाने के निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो। इस दौरान त्रिलोक नगर में सिंचाई गूल से होने वाले जल भराव की समस्या के संबंध में भी स्थानीय लोगों द्वारा अवगत कराया इस संबंध में जिलाधिकारी ने एसडीएम हल्द्वानी एवं अधिशासी अभियंता सिंचाई को तत्काल समस्या के समाधान करने के निर्देश दिए। क्षेत्र में विभिन्न स्थानों में झूलते हुए विद्युत तारों की समस्या के समाधान हेतु जिलाधिकारी ने शीघ्र ही विद्युत केबल लाईन बिछाने के साथ ही जहॉ जहॉ अतिरिक्त विद्युत पोलों की आवश्यकता है उन्हें लगाते हुए शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश अधिशासी अभियंता विद्युत को दिए। इस दौरान त्रिलोक नगर में एक स्थान में सड़क से विद्युत पोल को किनारे हटाने की क्षेत्रवासियों की मांग पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को शीघ्र ही स्थानीय लोगों की आम सहमति से विद्युत पोल को शिफ्ट करने के निर्देश दिए। क्षेत्र वासियों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया कि गैस पाईप लाइन हेतु उनसे शुल्क ले लिया गया है,परंतु क्षेत्र में अभी तक गैस पाईप लाईन का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है,इस सम्बंध में जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि वह कार्यदाई संस्था एचपीएसीएल तथा एडीबी के अधिकारियों के साथ सयुंक्त बैठक कर इस संबंध में कार्यवाही करें, उन्होंने कहा कि गैस पाईप लाइन का कार्य भी अभी हो जाय तो बार बार सड़क भी नहीं खुदेगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने लोनिवि के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि कालोनी के अंदर मुख्य लिंक मार्गों को एक माह में सुचारू करें,अधिक समय तक न रखें साथ ही जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था एडीबी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य हेतु एकदिन में पाईप लाईन बिछाए जाने हेतु जितनी सड़क खोदी जाती है, उसमें उसी दिन गढ्ढा भरान का कार्य कर लिया जाय' प्रयास रहे कि लोगों को समस्या न हो। इसके अतिरिक्त उन्होंने कार्य के दौरान धूल की समस्या के समाधान हेतु नियमित पानी छिड़काव के भी निर्देश कार्यदाई संस्था को दिए।इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि वह अगले सप्ताह इन सभी समस्याओं के समाधान के संबंध में पुनः समीक्षा करेंगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने क्षेत्र में महिला सुरक्षा अभियान के दौरान सत्यापन के बाद ऑटो रिक्शा आदि की निर्धारित एसओपी के अनुपालन की स्थिति चेक करने के लिए मार्ग में चल रहे ऑटो और टैम्पो को भी रोककर चैक किया। सभी ऑटो टैम्पो चालकों के पास उन्हें जारी किया गया परिचय पत्र पाया गया, साथ ही चालक वर्दी में भी पाए गए और वाहन में हेल्पलाइन नंबर व आवश्यक जानकारी भी प्रदर्शित की गई थी,जिसपर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने मौके पर उपस्थित सिटी मजिस्ट्रेट व एसडीएम को समय समय पर निरीक्षण कर प्रवर्तन की कार्यवाही के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पूर्व मेयर डॉ जोगेन्दर सिंह रौतेला,नगर आयुक्त विशाल मिश्रा,सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी,एसडीएम परितोष वर्मा,तुषार सैनी,सहित स्थानीय लोग आदि मौजूद रहे।

**प्रेम विवाह के बाद..**निवासी निजामुद्दीन के संपर्क में आने के बाद सदरून निशा उस पर मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव बनाने लगी। बार बार विवाद और जिद के कारण वह परिवार को बनाये रखने के लिए मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए राजी हो गया। पत्नी इतने पर भी नहीं मानी और गाय का मीट खाने का दबाव बनाने लगी। जिसका उसने कड़ा विरोध किया और किसी भी हालत में गाय का मीट खाने से मना कर दिया। जिसके बाद 1 माह पूर्व पत्नी बिना बताये पुत्र को लेकर घर से गायब हो गयी, और निजामुद्दीन के साथ रहने लगी। इस बीच निजामुद्दीन ने पुत्र का खतरा भी करा दिया। 1 सप्ताह पूर्व पत्नी हत्या करने तथा पैसा लूटने के इरादे से योजना बनाकर घर वापिस आ गयी और झूठा नाटक करके अपनी गलती मानने लगीं। उसने माफी भी मांगी। झांसा देकर उसने मकान खरीदवाने के बहार जिला बलरामपुर में उसकी जमीन बिकवा दी। जब जमीन बेचकर वह 70,000रूपये घर लाया तो 15नवंबर को पत्नी उक्त नगदी और कुछ दस्तावेज लेकर घर से फरार हो गयी। अब निजामुद्दीन अपने मोबाईल नम्बर से उसे धमकी देकर कह रहा है कि एक सप्ताह में रूद्रपुर छोड़कर चला जाये अन्यथा अंजाम बहुत बुरा होगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**हादसे में दो ...**अभी जाँच की जा रही है। दोनों युवकों की पहचान 23 वर्षीय विशाल निवासी बिजनौर यूपी और डोईवाला स्थित चांदमारी निवासी 20 वर्षीय दलविंदर के नाम से हुई है। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों की ओर से तहरीर मिलते ही मामले में आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

**घर में अवैध...**किया गया ताकि शराब पार्टी का विधिवत भंडाफोड़ किया जा सके। देहरादून के कुछ थाना प्रभारियों, एसओजी व आबकारी विभाग को भी टीम में शामिल किया गया। आधीरात को बताए गए मकान पर पुलिस ने रेड मार दी। पुलिस अंदर घुसी तो मकान के भीतर पार्टी चल रही थी वहां 40 लड़के और 17 लड़कियां पार्टी करते हुए मिले। मौके से ब्रांडेड व इंपोर्टेड शराब की दर्जनों खाली व भरी बोतलें बरामद हुई। पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया। मकान गाजियावाला निवासी रजनी केसवाल के नाम दर्ज है। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। चार अन्य के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। पकड़े के युवक युवतियों के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**डंडा मारकर...**अमित पुत्र धनीराम के कमरे के दरवाजे के आगे खड़ा होकर गंदी गंदी गालियां दे रहा था शोर सुनकर वह नींद से उठकर कमरे से बाहर आया और अमित को गाली देने से मना किया तो अमित ने सिर पर डंडे से हमला कर दिया। डंडा लगने के बाद वह लहुलूहान होकर नीचे गिर गया। सोर सुन कर आस पास के लोगों ने उसे बचाया। भीड़ जुटने पर अमित ने जान से मारने की धमकी देते हुऐ फरार हो गया। पीड़ित के मुताबिक उसके सिर में सात टांके आये हैं और चेहरे पर गुमचोटें आई हैं।पुलिस ने महरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**रेस्टोरंट में शराब...** किया गया। पुलिस ने मौके से रेस्टोरें संचालक नितिन अनेजा पुत्र करतार चन्द निवासी हरि मंदिर गली रूद्रपुर को गिरफ्तार कर लिया। सम्बंधित धाराओं में उसके खिलाफ चलान की कार्रवाई की गयी।

## सूचना नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम मधुबाला अदलखा (MADHU BALA ADLAKHA) था अब मैंने अपना नाम बदलकर मधु अदलखा (MADHU ADLAKHA) रख लिया है। भविष्य में अब हर मौके, विवरण में मेरे नये नाम मधु अदलखा (MADHU ADLAKHA) से ही सम्बोधित किया जाये।

-मधु अदलखा पत्नी श्री भूषण कुमार अदलखा निवासी-107, निकट अग्रवाल धर्मशाला मेन मार्केट, रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर,उत्तराखण्ड

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# बाबा केदार के आशीर्वाद से मिली जीत : धामी

## सीएम धामी ने रोड शो निकालकर मनाया जीत का जश्न: उपचुनाव में जनता ने कांग्रेस की झूठ, क्षेत्रवाद, जातिवाद और नकारात्मक राजनीति को पूरी तरह से अस्वीकार किया

देहरादून(उद संवाददाता)। केदारनाथ विधानसभा सीट पर मिली जीत से सीएम धामी के साथ ही पार्टी कार्यकर्ता भी गदगद है। कार्यकर्ताओं ने जहां जश्न मनाना शुरू किया वहीं सीएम धामी ने रोड शो कर जनता का आभार व्यक्त किया। सीएम ने कहा कि जनता ने नकारात्मकता को झटका देकर जनता ने विकास पर मुहर लगाई है। केदारनाथ शुभकामनाएं दी। सीएम धामी ने कहा कि बाबा केदार के आशीर्वाद से यह गौरवपूर्ण विजय आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व और पिछले 10 वर्षों में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों एवं समर्थन और विश्वास ने हमें प्रदेश के समग्र विकास और प्रत्येक नागरिक के कल्याण के लिए उत्साह और समर्पण के साथ कार्य करने की नई ऊर्जा दी है। इस अद्वितीय समर्थन और अपार विश्वास के अधिक वोट पाने वाली प्रत्याशी बन गई है। आशा नौटियाल की जीत पर सीएम धामी ने कहा कि जनता से अपना प्रत्याशी चुन लिया है। सीएम ने कहा कि अब चुनावों में मतदाता नकारात्मक प्रचार के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विकास कार्यों पर मुहर लगाई है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने पूरी तरह नकारात्मक मुद्दों पर फोकस किया। क्षेत्रवाद से लेकर जातिवाद का दांव मोड़ने, दिल्ली में एक ट्रस्ट की ओर से बनाए जा रहे मंदिर को केदारनाथ धाम से जोड़ने, केदारनाथ मंदिर को दान में मिले सोना पर सवाल उठाने के साथ ही पहाड़ की दो प्रमुख जातियों को आमने सामने रखने पर केंद्रित था। कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय नेताओं ने खुलकर इन मुद्दों को हवा दी। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल





उपचुनाव में प्रचंड जीत के बाद देहरादून में आयोजित विजयी रैली में सीएम धामी शामिल हुए। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की शानदार विजय पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में वरिष्ठ पदाधिकारियों और कर्मठ कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई और जनकल्याणकारी नीतियों के प्रति जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है। इस ऐतिहासिक जनादेश ने यह स्पष्ट कर दिया है कि केदारनाथ की देवतुल्य जनता ने कांग्रेस की झूठ, क्षेत्रवाद, जातिवाद और नकारात्मक राजनीति को पूरी तरह से अस्वीकार किया है। आप सभी के लिए केदारनाथ की देवतुल्य जनता का हार्दिक आभार। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार सहित भारी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। भाजपा आशा नौटियाल केदारनाथ के इतिहास में सबसे बजाय काम करने वाली सरकारों को दोबारा जनादेश देने से हिचकते नहीं है। केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव परिणाम में भी यही देखने को मिला, केदारनाथ की जनता ने पवित्र धाम और यात्रा को लेकर किए गए कांग्रेस के नकारात्मक प्रचार को नकारते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खुलकर चला गया केदारनाथ धाम से लेकर पूरे यात्रा मार्ग के लिए केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार के विकास कार्यों पर मुहर लगाने का काम किया है। सीएम धामी ने कहा कि केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस का प्रचार मुख्य रूप से चारधाम यात्रा को कैंचीधाम की ओर समेत तमाम नेता मुख्यमंत्री पर हमलावर रहे। कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत तो यहां तक कह गए कि यह मुकाबला उनके और भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल के बीच नहीं बल्कि 'धाम' और 'धामी' के बीच है लेकिन जनता ने कांग्रेस का दोव विफल कर दिया।

# भाजपाईयों ने मनाया केदारनाथ की जीत का जश्न




गदरपुर(उद संवाददाता)।भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में भाजपा गदरपुर मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना के प्रतिष्ठान पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने केदारनाथ में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती आशा नौटियाल एवं महाराष्ट्र में भाजपा की प्रचंड जीत के उपलक्ष्य में आतिशबाजी कर व मिष्ठान वितरित कर अपनी खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कियह जीत उन सभी कार्यकर्ताओं की है जिन्होंने भाजपा के हर संकल्प को जन जन तक पहुँचाने का कार्य किया व देवतुल्य जनता की जीत है जो भाजपा नेतृत्व पर अपना अटूट विश्वास बनाए हुए हैं,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल मार्गदर्शन में हम सभी विकास के साथ साथ अंत्योदय के संकल्प हेतु दृढ़ संकल्पित हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी प्रदेश का चहुमुखी विकास कर रहे है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना,सुभाष गुंबर, नरेश हुरिया, परमजीत पम्मा, अनिल जेटली,कपिल कुमार,अभिषेक वर्मा, अशोक छाबड़ा, मनोज शर्मा, किशन गुप्ता,सतीश छाबड़ा, कुनाल रस्तोगी सहित अन्य भाजपाई उपस्थित रहे।

# सीएम धामी के विकास कार्यों के चलते केदारनाथ में हुई विजय: वर्मा

गदरपुर(उद संवाददाता)। केदारनाथ उपचुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर गदरपुर के मंडल महामंत्री अभिषेक वर्मा ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर केदारनाथ की जनता का आभार जताया है। अभिषेक वर्मा ने कहा कि केदारनाथ में मिली जीत पीएम मोदी और सीएम धामी के विकास कार्यों पर जनता की मोहर है उन्होंने कहा कि कांग्रेस का भ्रामक प्रचार और नकारात्मक राजनीति को जनता में सिरे से खारिज कर दिया और भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल पर अपना भरोसा जताया। कहा कि देश एवं प्रदेश का नेतृत्व सुरक्षित हाथों में होने के कारण कांग्रेस पार्टी को लगातार झटके मिल रहे हैं आम जनता में भ्रम फैलाकर चुनाव जीतने की कांग्रेस पार्टी की चाहत कभी पूर्ण नहीं हो सकती ऐसा संदेश केदारनाथ विधानसभा की जनता ने भाजपा प्रत्याशी को विजय दिलाकर दे दिया है अभिषेक ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी ने कांग्रेस के प्रत्याशी को 5622 वोटो से शिकस्त दी है भाजपा ने इस सीट पर लगातार दूसरी बार अपना परचम फहराया है साथ ही यहां से लगातार दूसरी बार महिला प्रत्याशी ने जीत हासिल की है उन्होंने पुनः एक बार केदारनाथ की जनता का आभार व्यक्त किया।



# शाहनवाज हत्याकांड के दोषी को कठोर आजीवन कारावास की सजा

रुद्रपुर(उद संवाददता)। पांच साल पहले काशीपुर में हुए शाहनवाज हत्याकांड के दोषी को तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। जानकारी के अनुसार दो जुलाई 2019 को काशीपुर के मोहल्ला किले के पीछे रहने वाले शाहनवाज उर्फ मोना का शव गंगे बाबा रोड पर स्थित शराब की भट्ठी के समीप खाली प्लाट पर मिला था। मृतक के फुफेरे भाई काशीपुर के छाते वाली मस्जिद अल्ली खां निवासी नवाब खान ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया था। पुलिस की जांच में मोहल्ला अली खां निवासी सलमान उर्फ पायदान की लिप्तता पाई थी। पांच जुलाई 2019 को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त ईंट का टुकड़ा बरामद किया था। आरोपी मृतक की पत्नी पर बुरी नजर रखता था। शाहनवाज की ओर से विरोध करने पर दोनों का विवाद हुआ था। इसी रंजिश में दो जुलाई को सलमान ने शाहनवाज को शराब पीने के लिए बुलाया था। शराब भट्ठी के पास शराब पीने के बाद हुए विवाद में सलमान ने ईंट से सिर पर कई वार कर शाहनवाज की हत्या कर दी थी। यह मुकदमा तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुकेश चंद्र आर्य की अदालत में चला था। यहां पर आठ गवाह और साक्ष्यों के आधार पर सलमान पर दोष सिद्ध हो गया। न्यायाधीश ने हत्याकांड के दोषी सलमान उर्फ पायदान को कठोर कारावास की सजा सुनाई।

# छात्राओं से छेड़छाड़ कर रहे दो मनचलों को सिखाया सबक, पुलिस को सौंपे

गदरपुर(उद संवाददाता)। कालेज से घर जा रही छात्राओं का पीछा कर अश्लील कमेंट किए जाने पर बाइक सवार दो मनचलों को छात्राओं के परिजनों ने पिटाई करके पुलिस सौंप दिया। पुलिस ने दोनों को चेतावनी देते हुए पुलिस एक्ट में चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार रुद्रपुर रोड स्थित एक कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं के साथ बाइक सवार मनचले अक्सर छेड़छाड़ करते थे उनकी हरकतों से तंग आकर छात्राओं ने समस्या परिजनों को सुनाई। विगत दिवस दोनों छात्राएं छुट्टी के बाद घर लौट रही थी ,इस बीच एक बाइक स्वार दो युवक उनके पीछे लग गए और छात्राओं पर अश्लील कमेंट करने शुरू कर दिए। इस दौरान छात्राओं के परिजनों द्वारा दोनों युवकों को पकड़कर पिटाई करके पुलिस को सौंप दिया। छात्राओं के परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। माफी मांगने पर दोनों पक्षों में समझौता हो गया। पुलिस ने दोनों मनचले युवकों का पुलिस एक्ट में चालान कर चेतावनी देते हुए छोड़ दिया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की कुछ छात्राओं ने भी आरोप लगाया कि स्कूल की छुट्टी के समय अक्सर कई बाइक सवार बिना साइलेंसर बाईक पटाखे मारते निकलते हैं और अश्लील कमेंट कर निकल जाते हैं जिन पर भी कारवाई होनी चाहिए ऐसा अक्सर स्कूल लगने के समय और छुट्टी के समय ही होता है। लोगों ने मनचलों को कड़ी चेतावनी देते हुए पुलिस ने कार्यवाही की मांग की है।

